# जल गंगा संवर्धन अभियान प्रदेश सरकार का महत्वाकाक्षी अभियान है : प्रभारी मंत्री

सिंगरौली

जल गंगा संवर्धन अभियान प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का महत्वाकांक्षी अभियान है ताकि पानी का भण्डारण कर आम जन मानस को पर्याप्त पेयजल की सुविधा प्रदान की जा सके।उक्त अभियान को जन प्रतिनिधियों सहित जन भागीदारी के सहयोग से वृहद रूप से संचालित करे उक्त आशय का निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारियों के साथ बैठक के दौरान श्रीमती संपतिया उइके मंत्री लोक स्वास्थ्य यात्रिकी विभाग एवं प्रभारी मंत्री जिला सिंगरौली के द्वारा दिया गया। बैठक के दौरान श्रीमती राधा सिंह राज्य मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, विधायक सिंगरौली राम निवास शाह, विधायक देवसर राजेन्द्र मेश्राम, विधायक धौहनी कुवर सिंह टेकाम, विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक, महापौर श्रीमती रानी अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष सोनम सिंह, कलेक्टर



चन्द्र शेखर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री, प्राधिकरण अध्यक्ष दिलीप शाह, नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेंय, भाजपा जिलाध्यक्ष सुन्दर लाल शाह के गरिमामय उपस्थिति में बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुयें प्रभारी मंत्री ने कहा कि माह मार्च से ही पेयजल की समस्या उत्पन्न होने लगी हैं। इस समस्या को निदान हेतु वृहद स्तर पर जल गंगा संवर्धन अभियान को संचालित करना हैं। प्रभारी मंत्री ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देश दिए कि जल संरक्षण के लिए अधिक से अधिक अमृत सरोवर, खेत तालाब, नदी तालाबो का गहरीकरण बोरी बंधन के साथ साथ जीर्णोद्धार कराया जायें। साथ ही सम्मानित जन प्रतिनिधिगण भी अपने अपने क्षेत्रो के ऐसे स्थानो के चयनित कर कार्य प्रारंभ कराए। वही कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यात्रिकी विभाग को निर्देश दिए कि सभी हैन्डपम्पो के समीप सोकपिट का निर्माण कराएं। बिगड़े हुये हैन्डपम्पो को तत्काल चालू करे नल जल योजना को चालू करे साथ ही जल निगम के अधिकारी को निर्देश दिए कि जहा पर जल परियोजनायें चालू हो गई है टंकी या स्टोरेज की व्यवस्था नही है ऐसे क्षेत्रो में मोटर पाईप लाईन के माध्यम से पेयजल उपलंब्ध कराया जा सके। साथ ही ऐसे स्थल जहा पर हैन्डपंम्प या पेयजल पाईप लाईन की सुविधा नही है उन स्थलो पर टैंकर के माध्यम से पेयजल उपलंब्ध कराया जायें। जो भी नए हैन्डपम्प स्वीकृत हुये है उन्हे शीघ्र पूर्ण करे। प्रभारी मंत्री ने लोक स्वास्थ्य यात्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देश दिए कि प्रत्येक जनपद क्षेत्र में एक हैन्डपम्प मकैनिक रखे जिसका नाम एवं मोबाईल नम्बर पंचायत भवन के दिवाल पर उल्लेख करे। साथ ही ऐसे पंचायत व्यक्ति जिन्हें हैन्डपम्प मरम्मत के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया है उन जल मित्रो को भी इस कार्य में जोड़े ताकि हैन्डपम्पो के मरम्मत के संबंध में सूचना मिलते ही उनका सुधार कराया जा सके। यह भी निर्देश दिए कि नवीन हैन्डपम्पो सहित अन्य कार्यो का भूमिपूजन लोकापर्ण कार्य में अनिवार्य रूप से संबंधित विधानसभा के विधायक, जिला पंचायत के जन प्रतिनिधि, जनपद पंचायत एवं संबंधित पंचायत के सरपंच को भी अनिवार्य रूप से आमंत्रित करें। इस तरह से नगरीय क्षेत्र में भी पेयजल की समुचित व्यवस्था बनाए रखने हेतु नगर निगम के अधिकारी को निर्देश दिए गए।

# गरीबों के निबाले पर कोटेदार ने डाला डाका

## 95 बोरी कोटेदार के घर से बरामद हुआ खाद्यान

सिंगरौली

खाद्य सुरक्षा कानून को भले ही लागू कर दिया हो मगर ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी गरीबों के हक पर डाका डाला जा रहा है। सरई थाना क्षेत्र के उचित मूल्य दुकान बेलगांव के सहायक कोटेदार संतोष जायसवाल व रामकृपाल प्रजापति पिछले कई सालों से गांव का कोटेदार है,और इसी का फायदा उठा वह करोड़ों के सरकारी अनाज पर सेंधमारी कर रहे थे जब ग्रामीणों ने विरोध करना शुरू किया तो दबंग कोटेदार मारपीट पर उतारू हो जाते और बोलते कि जाओ जो करना है कर लो, जाओ सिकायत कर दो या एफआईआर आखिर इस दबंग कोटेदार को क्यू नहीं है किसी का डर क्या सफेद पोशाक धारी नेताओं का संरक्षण मिल रहा है।

सरई थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेलगांव शासकीय उचित मूल्य की दुकान के सहायक कोटेदार संतोष जायसवाल,और रामकृपाल प्रजापति कई वर्षों से लगातार कोटा चला रहे हैं। एक देसी कहावत है लोग कहते हैं रोज रोज की चोरी करने वाला एक



दिन चोरी में पकड़ता जरूर है, और आज वही हुआ आखिरकार खाद्यात्र विभाग के अधिकारी की नजर पड़ ही गई और धर दबोचा कोटेदार को रामकृपाल के घर से 53 बोरी चावल और 42 बोरी गेहूं बरामद की गई मौके पर खाद्य विभाग के अधिकारी व सरई तहसीलदार एवं सरई थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। जिस पर संयुक्त कार्यवाही किया जा रहा है। सरकार की मंशा पर पानी फेरने वाले इस कोटेदार की दबंगई के आगे ग्रामीणों का भी वश नहीं चलता था,प्रशासन भी कोटेदार के खिलाफ कोई एक्शन लेने से दूर भागते रहे जिसका नतीजा आज रंगे हाथ पकड़ा गया कोटेदार के घर से हुई 95 बोरी खाद्यात्र बरामद अब देखना यह है कि क्या कार्रवाई होती है या नही लेकिन इतना जरूर है कि गरीबों के मुंह का नेवाला छिनकर कोटेदार अपनी जेब भरने में लगा हुआ था और उसे रोकने वाला भी कोई नहीं था।

# प्रभारी मंत्री के नेतृत्व में सम्पन्न हुई भाजपा की प्रबंध समिति की बैठक

**सिंगरौली।** भारतीय जनता पार्टी की प्रबंध समिति की अति महत्वपूर्ण बैठक सूर्या भवन में सम्पन्न हुई। यह बैठक जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके के नेतृत्व एवं जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में विभिन्न सांगठनिक एवं प्रशासनिक विषयों पर चर्चा हुई तथा की महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार हुए एवं कई महत्वपूर्ण सांगठनिक एवं प्रशासनिक निर्णय लिए गए।

भारतीय जनता पार्टी की यह समिति सर्वोपरि मानी जाती है , तथा इस समिति में संगठन के उच्च पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि



तथा वरिष्ठ सदस्य सम्मिलित होते हैं तथा विभिन्न सांगठनिक एवं गंभीर प्रशासनिक मुद्दों पर अपनी राय रखते हैं जिसके आधार पर संगठन एवं शासन स्तर के महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाते हैं। प्रबंध समिति की बैठक में मुख्य रूप से पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह, विधायक सिंगरौली रामनिवास शाह, विधायक देवसर राजेंद्र मेश्राम, विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक, विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम, निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गिरीश द्विवेदी, पूर्व जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता, जिला महामंत्री राजकुमार दुबे एवं जिला महामंत्री लालपति साकेत उपस्थित रहे।

# फंदे में झूलता मिला अज्ञात का शव, जांच में जुटी बरगवां पुलिस

**सिंगरौली।** बुधवार सुबह बरगवां थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन ट्रैक समीप बबुल के झाड़ से लटकता अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद बरगवां निरीक्षक राकेश साहू सदलबल घटनास्थल पहुंचे। बताया जा रहा है कि यह शव करीब 10 दिन पुराना है जिससे काफी तेज दुर्गंध आने लगी थी। पुलिस ने एफएसएल टीम को इसकी सूचना दी, वहीं शव की शिनाख्त के लिए हर संभव प्रयास में जुट गई। पुलिस द्वारा कयास लगाए जा रहे हैं कि यह कोई विछिप्त व्यक्ति रहा होगा जो मांग कर खाया करता होगा।

# रामनवमी को लेकर मोरवा थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

**सिंगरौली।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मोरवा में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्म उत्सव मनाने की तैयारी जोरों पर है। रामनवमी के जुलूस को लेकर मोरवा शहर को भगवा रंग के पताका एवं ध्वजों से पाटने का कार्य जारी है। गौरतलब है कि हर साल रामनवमी शोभा यात्रा में नगर एवं आसपास के क्षेत्र से हजारों की तादाद में राम भक्त इकट्ठा होते हैं। जो महावीरी ध्वज लेकर श्री राम का जयकारा लगाते हुए शहर भर का भ्रमण करते हैं। इसी को लेकर बुधवार शाम मोरवा थाना परिसर में अनुविभागीय अधिकारी कृष्ण कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में



शांति समिति की बैठक आहूत हुई। इस दौरान उपनिरीक्षक एन पी तिवारी समेत बिजली विभाग के सहायक अभियंता लाल सिंह बैस व नगर निगम से एसडीओ अभय राज सिंह भी मौजूद रहे। एसडीओपी कृष्ण कुमार पाण्डेय ने समिति के लोगों से रामनवमी जुलूस को लेकर रोड मैप समेत आने वाली भीड़ को लेकर चर्चा की। वही जुलूस में तलवार समेत किसी भी प्रकार के शास्त्र पर पाबंदी रखने को कहा। इसके साथ ही पैदल भ्रमण के दौरान बाईक पर फराटे भरने वाले युवकों पर भी रोक लगाने की बात श्री पाण्डेय ने कहीं। रामनवमी सेवा समिति के सदस्यों ने नगर निगम द्वारा शोभा यात्रा के मार्ग में साफ सफाई व पानी के छिड़काव समेत बिजली विभाग को यात्रा के दौरान मार्गो पर विद्युत व्यवस्था बंद रखने की अपील की। रामनवमी सेवा समिति के सदस्यों ने पुलिस अधिकारियों को बताया कि शाम 7 बजे जुलूस समापन के बाद मोरवा बस स्टैंड पर भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें राम दरबार समेत मुंबई से आ रही सुप्रसिद्ध गायिका रिजा खान एवं बाली ठाकरे द्वारा विशेष प्रस्तुति दी जाएगी।

# तहसीलदार सरई के निरीक्षण में सरई ऑक्सीजन प्लांट मिला बंद

**सिंगरौली।** शासन द्वारा आमजन को उत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निशुल्क दवा वितरण, मेडिकल जांच, एक्स-रे तथा चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित की गई हैं। परंतु तहसील सरई अंतर्गत स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरई में करोड़ों की लागत से स्थापित ऑक्सीजन प्लांट बदहाल अवस्था में पाया गया। यह मामला तब उजागर हुआ जब तहसीलदार सरई, चन्द्रशेखर मिश्रा ने अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह



तथ्य सामने आया कि प्लांट कोविड के बाद से बंद पड़ा हुआ है और धूल की परतों में लिपटा हुआ है। जब इस विषय पर जिम्मेदारों से चर्चा की गई तो उन्होंने कोविड के बाद से ही प्लांट के निष्क्रिय रहने की बात स्वीकार की।स्वास्थ्य केंद्र की अन्य व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। चर्चा के दौरान स्टाफ ने बताया कि केंद्र में डॉक्टरों की तीन स्वीकृत पदस्थापनाएं हैं, किंतु वर्तमान में केवल एक ही डॉक्टर कार्यरत हैं। इसके बावजूद पैथोलॉजी, ओपीडी, 6 बेड का कक्ष, एनआरसी सहित अन्य सेवाएं यथासंभव संचालित की जा रही हैं।

निरीक्षण के समय डॉक्टर सुषमा, नर्सिंग स्टाफ, पैथोलॉजी एवं एक्सरे टेक्नीशियन उपस्थित पाए गए। यह स्थिति शासन की स्वास्थ्य सुविधाओं की प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। करोड़ों की लागत से स्थापित ऑक्सीजन प्लांट का निष्क्रिय होना न केवल संसाधनों की बर्बादी दर्शाता है, बल्कि जनसामान्य की स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति लापरवाही को भी उजागर करता है।

# जागरूकता रैली गोष्ठी के माध्यम से जल संरक्षण के लिए नागरिको को किया जा रहा है प्रेरित

**सिंगरौली।** जिले मे भर में 30 मार्च से लगातार वृहद स्तर पर जल गंगा संवर्धन अभियान चालाया जा रहा है अभियान के दौरान जल स्त्रोतो की साफ सफाई उनका गहरीकरण करने के साथ ही जागरूकता रैली निकालकर आम लोगो को जल संरक्षण के संबंध में अवगत कराया जा रहा है। इसी क्रम में आज म.प्र.जन अभियान परिषद् जिला सिंगरौली के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत पंडरीखूटा ,बंधा ,रजदहा में जागरूकता रैली के साथ ही गोष्ठी बैठक तथा ग्रामीण लोगों से मिलकर जल संरक्षण की जानकारी दी गई तथा जल ही जीवन, अपने गांव क्षेत्र में नदी, तालाब, कुआं, हैण्ड पम्प, के आस पास साफ सफाई, गहरी करण, श्रमदान के माध्यम से जन सहभागिता जल संरक्षण में अपनी सहभागिता देने के लिए प्रेरित किया गया।

# निवास पुलिस ने नाबालिग अपहृता को बरगवां से किया गया दस्तयाब

**सिंगरौली।** जिले के निवास चौकी क्षेत्र अंतर्गत पिछले माह गुम नाबालिक लड़की को दस्तयाब करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने परिजनों अपहृता लड़की को परिजनों को सौंपा है। ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस की कार्यवाही से परिजनों को गुम लड़की मिलने के बाद बेहद खुश नजर आए। मिली जानकारी के अनुसार निवास चौकी क्षेत्र अंतर्गत एक गांव के परिजनों ने निवास चौकी में शिकायत दर्ज कराई थी कि 22 फरवरी की दरम्यानी रात में नाबालिक को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भाग ले गए हैं।? मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने



अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। निवास पुलिस ने कई टीम कठित कर अपहृता को 2 अप्रैल को बरगवां से दस्तयाब किया गया। अपहृता को दस्तयाब कर परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया। इस कार्यवाही में उनि प्रियंका सिंह चौकी प्रभारी निवास, त्रिवेणी पाल, अमरजीत पाल, सत्येंद्र पांडे, अमित कुमार, प्रवीण पांडे, बिद्दू सिंह, विमला सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सरई पुलिस ने नाबालिक अपहृता सहित दो गुमशुदा बालिका को किया दस्तयाब

**सिंगरौली।** जिले में गुमशुदा नाबालिग बच्चें और बच्चियों को खोजने और उन्हें उनके परिजनों से मिलाने के उद्देश्य से पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत शानदार काम किया है। अब सरई पुलिस को ऑपरेशन मुस्कान के तहत एक नाबालिक सहित एक गुम बालिका को दस्तयाब करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने दस्तयाब नाबालिगों को दस्तया आप कर परिजनों को सौंप दिया। सरई थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि दो अलग-अलग मामलों में नाबालिक गुमसुदा व बालिक गुमसुदा को पुलिस ने सरई रेलवे स्टेशन के पास व सरई बाजार से दस्तयाब किया है। फरियादी रामपाल ने 23 मार्च को थाना में




शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिक घर में बिना बताए अचानक लापता हो गई। वहीं दूसरे मामले में फरियादी विनोद गुप्ता ने 29 मार्च को शिकायत की थी कि मेरी लड़की बिना बताए अचानक गुम गई है। जिसकी तलाश आस पड़ोस सहित रिश्तेदारों में की गई लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। दोनों शिकायतों पर पुलिस बच्चियों की तलाश के लिए एक टीम बनाकर विवेचना करते हुए खोज खबर शुरू की। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की विवेचना के साथ अपहृता व गुम सुदा की खोज तलाश की गई। वहीं मुखबिर की सूचना के जरिए नाबालिक अपहृता को सरई रेलवे स्टेशन व गुमसुदा बालिका को सरई बाजार से दस्तयाव किया गया एवं सकुशल परिजनो को सुपुर्द किया। बच्चियों को पाकर परिजन खुशी से फूले नहीं समा रहे थे। वहीं परिजनों ने पुलिस को धन्यवाद देकर कृतज्ञता जाहिर की। इस कार्रवाई में निरीक्षक जितेन्द्र सिंह भदौरिया, सउनि कमलेश प्रजापति, पुष्पा गिरी, रामनरेश प्रजापति, हरिभजन सिंह, रिंकू धाकड, धन सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# जमानत के विरोध में कांग्रेसियों का प्रदर्शन

**सिंगरौली।** जिला मुख्यालय बैढ़न के माजन मोड़ में आज बुधवार को कांग्रेस पार्टी के द्वारा ट्रांसपोर्ट विभाग भोपाल के सौरभ शर्मा के पास अकूत संपत्ति के मामले गिरफ्तार किया गया था लेकिन जमानत मिलने के विरोध में कांग्रेसियों ने माजन मोड़ पर जमकर प्रदर्शन किया। पुलिस की लचरकार्य प्रणाली से भाजपा के नेता काफी खफा दिखाई दे रहे हैं। जिसकी शिकायत भोपाल करने की बात कही जा रही थी।

इधर बता दें कि 27 दिसंबर 2024 को जांच एजेंटीयों ने सौरव शर्मा के रिश्तेदारों और सहयोगियों के भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर स्थित आवास में छापेमारी की थी। पुलिस ने





सौरभ शर्मा के घर से भारी मात्रा में सोने के बिस्कुट और कैश बरामद किया था। लोकायुक्त पुलिस द्वारा की गई छापेमार कार्रवाई में पूर्व आरटीओ कांस्टेबल सौरभ शर्मा के फार्म हाउस पर 52 किलोग्राम सोना और 10 करोड रुपए बरामद होने के बाद लोकायुक्त पुलिस द्वारा सौरभ शर्मा और उसके दो सहयोग को गिरफ्तार किया गया था। करोड़ों रुपए के सोने के मामले में जेल गए पूर्व कांस्टेबल सौरव शर्मा, चेतन और शरद जायसवाल को अदालत से जमानत मिल गई है। लोकायुक्त ने 60 दिन में चालान पेश नहीं किया। जिसके कारण आरोपियों को यह राहत मिली है। जिसके विरोध में कांग्रेसियों ने माजन मोड़ पर आज प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने कहा कि सरकार में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गया है। भ्रष्टाचारियों को भाजपा सरकार शरण दे रही है । कांग्रेसियों ने कहा कि लोकायुक्त भले ही कार्रवाई करती हो लेकिन भाजपा सरकार के अधिकारियों कर्मचारियों में लोकायुक्त का डर नहीं रह गया है या फिर लोकायुक्त भी सरकार के दबाव में रहकर बड़े मामलों में भ्रष्टाचारियों को बचाने का प्रयास कर रही है। तभी तो भाजपा ने धन कुबेर सौरभ शर्मा को बचाने का प्रयास किया है। इसी विरोध को लेकर सैकड़ो की संख्या में कांग्रेसियों ने आज सड़क पर धरना प्रदर्शन कर पुतला दहन किया है।

## भाजपा के नेताओ ने जाहिर की नाराजगी

सूत्र बताते हैं कि माजन मोड़ पर जब कांग्रेसी विरोध प्रदर्शन की तैयारी कर रहे थे। उसके पहले ही पुलिस तैयार हो चुकी थी। फायर ब्रिगेड भी खड़ा कराया गया था और आधा सैकड़ा से ऊपर पुलिस कांग्रेसियों पर नजर बनाए हुए थी। लेकिन कांग्रेसियों ने भी पुलिस के नजर पर धूल झोंकते हुए चकमा देकर पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। आज जो कांग्रेसियों ने किया है और पुलिस देखती रह गई। सूत्र बताते हैं कि ऐसे में भाजपा के नेताओं के द्वारा भोपाल तक शिकायत करने की बात कही जा रही है।

# पार्टी स्थापना दिवस और बाबा साहब की जयंती हर बूथ पर हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाएगी

## दायित्वोध के साथ आगामी कार्यक्रमों को करें संपादितः रीती

**सीधी** । भारतीय जनता पार्टी की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक पार्टी कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता और सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक की विशिष्ट उपस्थिति में संपन्न हुई, जिसमें आगामी दिनों में संपन्न होने वाले कार्यक्रमों की व्यापक कार्य योजना बनाई गई।

कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश को महाशक्ति बनाने के कार्य में लगी है। पार्टी आगामी 6 अप्रैल को स्थापना दिवस प्रत्येक बूथ पर हर्षोल्लास के साथ मनाएगी। बूथ स्तर पर प्राथमिक सदस्यों के सम्मेलन, सक्रीय सदस्यों का सम्मेलन, जिसमें भाजपा की चुनावी सफलता एवं संगठनात्मक विस्तार, भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाया गया परिवर्तन और प्रधानमंत्री नरेंद्र के रूप में नरेंद्र मोदी जी के साथ 11 वर्षों में विकसित भारत की विकास यात्रा जैसे विषयों पर व्याख्यान होंगे। 7 से 13 अप्रैल के बीच मंडल अध्यक्ष से ऊपर के सभी पदाधिकारी सभी जनप्रतिनिधि गांव और बस्ती चलो अभियान में भाग लेंगे। इस अभियान के अंतर्गत स्वच्छता अभियान, लाभार्थियों से संपर्क, जल स्रोतों की सफाई, ग्रामीण चौफाल, विभिन्न सामाजिक नेताओं से संपर्क, वरिष्ठ पार्टी कार्यकर्ताओं एवं मिशा बंदी और कार सेवकों से विचार विमर्श एवं उनका सम्मान, बूथ समिति की बैठक आदि प्रकार के कार्यक्रम करना है।



अध्यक्षीय उद्बोधन में भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने संबोधित करते हुए कहा कि संविधान निर्माता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को पार्टी प्रत्येक बूथ पर शानदार ढंग से मनाएगी। इस कार्यक्रम की पूर्व संध्या पर महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई, शाम को दीपोत्सव, 14 अप्रैल को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक बाचन, अनुसूचित जाति बस्तियो में स्वच्छता हेतु कार्य करना और समाज के विभिन्न नेताओं के साथ जिला स्तरीय गोष्ठी का आयोजन करना, भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के विभिन्न पड़ावों एवं उनके सम्मान की चर्चा करना। कांग्रेस द्वारा संविधान को कमजोर करना और बाबा साहब का अपमान करना जैसे विषयों को लेकर कांग्रेस को बेनकाब करना। विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रत्येक बूथ स्तर पर आयोजित हो, जिसकी योजना रचना भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चौहान ने बताई। इसके अतिरिक्त भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चौहान ने कहा कि मन की बात, आजीवन सहयोग निधि जैसे कार्यक्रम पर भी ध्यान देना है।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि प्रत्येक कार्यक्रम में कार्य समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति अनिवार्य होनी चाहिए। भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता होना गर्व की बात है, इसलिए पूर्ण निष्ठा के साथ दिए गए दायित्वों को पूर्ण करना एवं पार्टी द्वारा आगामी दिए जाने वाले कार्यक्रमों को हर्षोल्लास और भव्यता के साथ संपादित करना, यही पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता का मंत्र होना चाहिए। विधायक श्रीमती रीती पाठक ने सभी कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे निष्ठा पूर्वक पार्टी द्वारा दिए गए कार्यों को पूर्ण मनोयोग एवं उत्साह के साथ सामूहिक टोली के साथ संपादित करें। विधायक श्रीमती रीती पाठक ने नवनिर्वाचित मंडल को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी दिनों में अपनी अच्छी टीम तैयार करें, जिसके कारण पार्टी के कार्यक्रम एवं गतिविधियों को सफलतापूर्वक और शानदार ढंग से कार्य रूप में परिणित किया जा सके।

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदेश कार्य समिति के सदस्य इंद्र शरण सिंह चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी 1980 में 11 लोगों द्वारा खडी की गई पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी और सबसे अधिक लोकप्रिय पार्टी बनकर खड़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत विश्व की महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। वहीं पूर्व जिला अध्यक्ष लालचंद गुप्ता ने भारतीय जनता पार्टी के स्थापना काल जन संघ के गठन से लेकर आज तक की विकास गाथा को विस्तार से बताया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से जनपद अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परिहार, जनपद उपाध्यक्ष सुमन सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष अंजू पाठक, डॉ विक्रम सिंह चौहान, प्रमोद द्विवेदी, अनिल पाण्डेय, सुरेश सिंह चौहान, संदीप शर्मा, जिला महामंत्री अशोक पटेल, विनोद साकेत, जिला मंत्री लवकेश सिंह, अमित प्रधान, सुनीता रानी वर्मा, पूजा सिंह कुशराम, ज्योति कुशवाहा, कोषाध्यक्ष अनीता चौरसिया, जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे, डॉक्टर मनीला सिंह चौहान, अजीत पाण्डेय, मोर्चा अध्यक्ष पूनम सोनी, राकेश मौर्य, लोरिक प्रसाद यादव सहित जिला, मोर्चा, मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष सहित है अनेक पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने की ई-ऑफिस कार्य प्रणाली के क्रियान्वयन की समीक्षा



**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिले में ई-ऑफिस कार्यप्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अभी तक की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री सोमवंशी ने कहा कि राज्य शासन द्वारा कार्यालयों में कार्य प्रक्रिया में तेजी लाने एवं पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से ई-ऑफिस की कार्यप्रणाली लागू करने एवं इसे अमल में लाने हेतु निर्देश जारी किए गए हैं। सभी कार्यालयों में माह अप्रैल से ई-ऑफिस में कार्यवाही की शुरुआत की जाए। ई-ऑफिस से प्रशासनिक कार्यों में समय की बचत होने से दक्षता और गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

कलेक्टर ने जिला सूचना अधिकारी दशरथ प्रजापति को सभी विभागों से समन्वय स्थापित करने तथा उन्हें आवश्यक तकनीकी सहयोग प्रदान कर ई-ऑफिस कार्यप्रणाली क्रियान्वित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी कार्यालयों में क्रमबद्ध तरीके से इस प्रणाली को लागू करने के निर्देश दिए हैं।

इस दौरान कलेक्टर ने जिला पंजीयक कार्यालय में ई-ऑफिस में किए गए कार्य का अवलोकन भी किया।

# सीएमओ तथा जीएम डीआईसी ने छात्राओं का किया उत्साहवर्धन



सीधी

स्कूल चले हम अभियान 2025 के अंतर्गत चल रहे प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के तहत बुधवार को द्वितीय दिवस भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीधी मिनी अग्रवाल तथा महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र श्रद्धा गोखले प्रेरक के रूप में सम्मिलित हुईं। उनके द्वारा विद्यालय की छात्राओं के साथ संवाद स्थापित कर बहुत ही रोचक तरीके से भूगोल पढ़ाई गई। एटलस के माध्यम से एक गेम खेला गया जिसमें छात्राओं से शहर के नाम ,देश के नाम, पूर्वोत्तर राज्यों के नाम आदि पूछा गया।

छात्राओं ने बहुत ही रुचि पूर्वक इस खेल में हिस्सा लिया। उन्होंने छात्राओं को कैरियर विकल्पों के विषय में जानकारी दी तथा उनका उत्साहवर्धन किया। छात्राओं ने आईएएस, आईपीएस बनने के लक्ष्य के साथ ही कुछ छात्राओं ने शिक्षक और चिकित्सक बनने में अपनी रुचि दिखाई। छात्राओं में देश की प्रगति के लिए योगदान का जज्बा देखते ही बन रहा था।

# साधना चौबे हुई सेवानिवृत्त, भारत स्काउट गाइड ने किया अभिनंदन

**सीधी।** स्काउटिंग के क्षेत्र में लंबे समय तक उत्कृष्ट योगदान देने हेतू पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट की वरिष्ठ शिक्षक सुश्री साधना चौबे की सेवा निवृत विदाई समारोह में भारत स्काउट गाइड जिला संघ ने अभिनंदन करते हुए स्मृति चिन्ह एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया।



जवाहर नवोदय विद्यालय के सभागार में आयोजित विदाई समारोह को संबोधित करते हुए भारत स्काउट एवं गाइड के राज्य उपाध्यक्ष डॉ अजय मिश्रा ने सुश्री साधना चौबे के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि साधना चौबे जी ने छात्र एवं छात्राओं के व्यक्तित्व को निखारने का अद्वितीय कार्य किया है। इसके साथ-साथ स्काउटिंग, क्रीडा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के रूप में नवोदय विद्यालय चुरहट को राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर पहचान दिलाई है। भारत स्काउट गाइड के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र मणि दुबे ने स्काउट मास्टर सुश्री साधना चौबे के सेवानिवृत्ति पर बोलते हुए कहा कि साधना चौबे जी ने स्काउटिंग के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया है। नवोदय विद्यालय में 30 वर्ष सेवा देने के पश्चात साधना चौबे जी का मार्गदर्शन एवं स्नेह भारत स्काउट एवं गाइड को हमेशा मिलता रहेगा। साधना चौबे राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी होने के साथ-साथ एक अच्छी कवि और एक अच्छी शिक्षक के रूप में भी सम्मानित है। भारत स्काउट गाइड ने सुश्री चौबे के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए सुश्री चौबे को भारत स्काउट एवं गाइड की ओर से स्काउटिंग के लिए महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया।

जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य व्ही के शुक्ला ने भारत स्काउट गाइड के प्रति सम्मान ज्ञापित करते हुए कहा कि भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ हमेशा नवोदय विद्यालय को अपना सहयोग प्रदान करता है। इसके लिए नवोदय विद्यालय भारत स्काउट गाइड का आभारी है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों छात्र एवं छात्राओं द्वारा सेवानिवृत्ति के पल पर सुश्री साधना चौबे को भावभीनी विदाई दी और उनकी उत्कृष्ट सेवा के पलों को याद किया। इसके पूर्व नवोदय विद्यालय के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होने पर भारत स्काउट गाइड के पदाधिकारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया। इसके पश्चात बैंड बाजे के साथ साधना चौबे को विदाई के साथ उनके निवास तक विदा किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से भारत स्काउट गाइड के जिला सचिव वरिष्ठ शिक्षक हरिशंकर पाण्डेय, काउंसलर डॉक्टर शास्त्री प्रसाद मिश्रा, स्काउट मास्टर राजेंद्र मिश्रा सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# नवरात्रि में हो रहा भजन कीर्तन


**सीधी।** हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से लेकर नवमी तिथि तक चैत्र नवरात्र मनाया जाता है। इस अवसर पर कार्तिकेय मंदिर सिंगरौली रोड वेटरिनरी हॉस्पिटल के पास वार्ड क्रमांक 4 मैं चैत्र नवरात्रि एवं नव वर्ष की शुरुआत उत्साह और उमंग के साथ हुई। इस दौरान जगत जननी देवी मां दुर्गा और उनके नौ रूपों की पूजा की जाती है। साथ ही मनोवांछित फल की प्राप्ति के लिए व्रत रखा जाता है। नवरात्र के दौरान देवी मां दुर्गा पृथ्वी लोक पर रहती हैं। मां दुर्गा की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। साथ ही दुख एवं संकट भी दूर हो जाते हैं।



सीधी जिले के इकलौते कार्तिकेय मंदिर में आए दिन धार्मिक आयोजन होते रहते हैं। नवरात्रि के पर्व पर 9 दिन संध्याकालीन रामायण एवं भजन कीर्तन का कार्यक्रम अनवरत चालू है जहां भक्ति में वातावरण बना हुआ है। 1 अप्रैल दिन मंगलवार को सुंदरकांड का बृहद कार्यक्रम महिला मंडली द्वारा किया गया जिसका अनुष्ठान ए के उर्मिला द्विवेदी द्वाराकिय गया। शिव कुमार सिंह मंदिर व्यवस्थापक ने बताया कि प्रतिदिन विशेष भोग प्रसाद वितरण किया जाता है। शाम 5:00 बजे महिला मंडली द्वारा रामायण एवं भजन लोकगीत देवी गीत 7:00 तक तत्पश्चात पुरुष मंडली द्वारा रामायण एवं सुगम संगीत का कार्यक्रम प्रतिदिन होता है। ज्योतिषियों की मानें तो रामनवमी के शुभ अवसर पर सुकर्मा योग का संयोग बन रहा है। इस योग का संयोग शाम 06 बजकर 55 मिनट तक है। इसके साथ ही रवि पुष्य योग और रवि योग का संयोग है। इसके अलावा, सर्वार्थ सिद्धि योग का भी निर्माण हो रहा है। सर्वार्थ सिद्धि योग, पुष्य योग और रवि योग दिन भर है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर शिववास योग भी है। शिववास योग के दौरान देवों के देव महादेव जगत की देवी मां गौरी के साथ कैलाश पर विराजमान रहेंगे। इन योग में भगवान श्रीराम की पूजा करने से साधक को सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होती है।

# डॉ राशि सिंह ने एमबीबीएस में किया टॉप, सांसद ने दी बधाई

**सीधी।** लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने ज्योत्सना विद्यालय की पूर्व छात्रा डॉक्टर राशि कमल सिंह के एमबीबीएस में टॉप किए जाने पर बधाई दी है। सांसद डॉक्टर मिश्रा ने कहा कि दिल्ली से वापस आने के पश्चात सीधी की बेटी का अभिनंदन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि विंध्य को गौरवान्वित करने वाली डॉक्टर राशि कमल सिंह पीएम श्री संजय गांधी महाविद्यालय में राजनीतिक शास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर कमलभान सिंह और ज्योत्सना ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट की एमडी डॉक्टर श्वेता सिंह की सुपुत्री हैं। डॉक्टर राशि की प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा ज्योत्सना विद्यालय फिर केंद्रीय विद्यालय सीधी और उसके बाद की पढ़ाई कोटा में संपन्न हुई। प्रथम प्रयास में ही डॉक्टर राशि सिंह ने मेडिकल में प्रवेश प्राप्त करके अपनी अद्वितीय प्रतिभा का परिचय दिया था। डॉ राशि सिंह बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर से एमबीबीएस की पढ़ाई करते हुए एमबीबीएस में प्रदेश की मेरिट सूची में प्रथम स्थान अर्जित कर, टॉप कर कॉलेज में 15 वर्षों में इतिहास रचा है। डॉक्टर राशि कमल सिंह ने 1400 में 1122 अंक प्राप्त कर इतिहास रचा है। आगे का सपना सर्जन बनने का है। डॉ राशि सिंह की शानदार सफलता के लिए सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।



# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल स्त्रोतों को बचाने हेतु किया गया श्रमदान

**सीधी।** जन सहभागीता से जल स्त्रोतो को बचाने के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ कर आज चौथे दिन सीधी जिले के विकासखंड सिहावल सेक्टर कुबरी ग्राम पंचायत मरसरहा के आदर्श ग्राम मरसरहा में जन सहभागीता के माध्यम से अभियान को मूर्त रूप दिया गया। वही मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मध्य प्रदेश शासन से संबद्ध नवांकुर संस्था गीतांजलि जन कल्याण समिति जमुआर के अध्यक्ष रविशंकर मिश्र के मुख्य आतिथ्य में ग्राम पंचायत मरसरहा के झिरिया नदी से अभियान को मूर्तरूप दिया गया है और सभी ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के सहयोग से अपने आस पास के नदी तालाबो की साफ - सफाई करते हुए मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता के ब्लॉक सिहावल के परामर्श दाता गोविंद गौतम जी द्वारा कहा गया की जनभागीदारी से हम सब मिलकर जल संग्रह संरचनाओं के निर्माण पूर्व में मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ सफाई एवं जीणर्णोद्धार मरम्मत जल स्त्रोतों में प्रदूषण के स्तर को कम करने जन्हा पानी कम है वन्हा गहरीकरण कर पानी का स्टोरेज करना होगा। एवं आदर्श ग्राम मरसरहा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष राजेश सिंह जी के सहयोग से झिरिया नदी में बोरी बंधान कराया गया हैं साथ ही इसी नदी को चयनित कर निचले क्षेत्र में गहरीकरण कराया जा रहा है जिसमे प्रस्फुटन समिति पुजौही, ग्रामीण जन नवांकुर संस्था गीतांजलि जन कल्याण समिति, का सहयोग मिल रहा है, रविशंकर मिश्र ने कहा कि चौपाल आयोजन, दीवाल लेखन,रैली का आयोजन कर आम जन मानस को जल संग्रहण के लिए जागृत करना है।यह अभियान 30 मार्च से 30 जून तक निरंतर चलता रहेगा। उन्होंने सभी ग्रामीणों से अपील किया कि इस अभियान में बढ़चढ़कर भागीदारी करे। ताकि पानी का भण्डारण हो सके तथा पेयजल की समस्या का निदान हो सके। सहभागीता के माध्यम से इस अभियान के सफल क्रियान्वन हेतु प्रारंभ किया गया है।प्रस्फुटन समितियों के साथ साथ ग्राम वासियों से अपेक्षा किया है कि इस अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग दें।और सभी समिति के सदस्य एमपी जप अप के माध्यम से जल गंगा संवर्धन अभियान में किए गए कार्यक्रम को अपलोड करें।

# पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुटेली में भविष्य से भेंट कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सीधी।** स्कूल चले हम अभियान 2025 के अंतर्गत चल रहे प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के तहत बुधवार को द्वितीय दिवस भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन पीएम श्री विद्यालय खुटेली में हुआ जिसमें मुख्य प्रेरक के रूप में अमिलिया थाना के टी आई श्री राजेश पाण्डेय के द्वारा छात्रों का मार्गदर्शन किया गया। श्री पाण्डेय ने छात्रों को अपने करियर विकल्पों के चयन में अपनी रुचि को सबसे प्रमुख स्थान पर रखने के लिए मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत खुटेली के सामाजिक कार्यक्रम श्री निलेश उपाध्याय, विद्यालय के प्राचार्य श्री सी.एल. सिंह, हेमन्त जाटव, प्रभाकर पाण्डेय, प्रवेश द्विवेदी एवं अन्य समस्त शिक्षक - शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजक व संचालन विद्यालय शिक्षक श्री पुष्पराज सिंह चंदेल के द्वारा किया गया।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद सीधी, जिला–सीधी (म.प्र.)

एन.आई.टी. क्रमांक 1121 /ई टेंडरिंग/न.पा./2025 सीधी, दिनांक 01/04/2025

### निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_413116_1 दिनांक 01.04.2025 | वार्ड क्रमांक 17 पुरानी सब्जीमण्डी में प्लेटफार्म के पुनर्निर्माण का कार्य। (तृतीय आमंत्रण) | (1) 2 माह (2) 3.30 लाख | (1) 2000.00 (2) 3305.00 | 15.04.2025 |
| 2 | 2025_UAD_413119_1 दिनांक 01.04.2025 | वार्ड क्रमांक 14 आजाद नगर कोंहरान मुहल्ला में आर.सी.सी.नाली निर्माण। (तृतीय आमंत्रण) | (1) 2 माह (2) 7.48 लाख | (1) 2000.00 (2) 7480.00 | 15.04.2025 |
| 3 | 2025_UAD_413121_1 दिनांक 01.04.2025 | वार्ड क्रमांक 17 सब्जीमण्डी के चारो ओर आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। (तृतीय आमंत्रण) | (1) 3 माह (2) 12.69 लाख | (1) 2000.00 (2) 9520.00 | 15.04.2025 |
| 4 | 2025_UAD_413124_1 दिनांक 01.04.2025 | वार्ड क्रमांक 13 के विभिन्न गलियों में आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। (तृतीय आमंत्रण) | (1) 2 माह (2) 12.87 लाख | (1) 2000.00 (2) 9653.00 | 15.04.2025 |
| 5 | 2025_UAD_413132_1 दिनांक 01.04.2025 | वार्ड क्रमांक 11 में यूनियन बैंक के.पीछे प्रदीप मिश्रा के घर से पुष्पराज सिंह परिहार के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | (1) 2 माह (2) 24.52 लाख | (1) 5000.00 (2) 18395.00 | 15.04.2025 |
| 6 | 2025_UAD_413135_1 दिनांक 01.04.2025 | वार्ड क्रमांक 14 के विभिन्न स्थानों में आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | (1) 2 माह (2) 12.87 लाख | (1) 2000.00 (2) 9653.00 | 01.05.2025 |

नोट :– निविदा से सम्बंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सीधी

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में वायु गुणवत्ता खराब की श्रेणी में दर्ज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में बुधवार को न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत से 4.6 डिग्री कम है। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिन में मुख्यत: आसमान साफ रहने का अनुमान जताया है। सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता 50 प्रतिशत दर्ज की गई। आईएमडी ने कहा कि अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है।सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 201 रहा जो 'खराब' की श्रेणी में आता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 के बीच को 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच को 'मध्यम', 201 से 300 के बीच को 'खराब', 301 से 400 के बीच को 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच को 'गंभीर' श्रेणी में माना जाता है।

### मणिपुर: दो एसपी समेत 14 पुलिस अधिकारियों का तबादला

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर सरकार ने दो जिलों के पुलिस अधीक्षकों (एसपी) सहित 14 पुलिस अधिकारियों का तबादला किया है। एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई। कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग ने मंगलवार को जारी एक आदेश में कहा कि जिरीबाम के पुलिस अधीक्षक शेख मोहम्मद जाकिर को काकचिंग जिले के एसपी के रूप में स्थानांतरित किया गया है। आदेश के अनुसार, काकचिंग की एसपी प्रियदर्शिनी लैशराम जिरीबाम की नयी एसपी होंगी। यारीपोक के उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) गौरव डोगरा को सिंगजामेई में तैनाती दी गई है, जबकि सहायक कमांडेंट प्रथम मणिपुर राइफल्स के अभिनव कांगपोकी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे। अकोईजाम सदानंद सिंह नए अतिरिक्त एसपी यातायात (इंफाल ईस्ट) होंगे, जबकि केशम बोजौकुमार सिंह अतिरिक्त एसपी (सतर्कता) होंगे। वहीं रत्ताना नगासेकपम नए अतिरिक्त एसपी अपराध अन्वेषण विभाग (सीआईडी) (एसडी) होंगे।

### हमें लगता है कि सरकार हमारे साथ खेल खेल रही है: कर्नल बाठ की पत्नी

**पटियाला, एजेंसी।** कर्नल पुष्पिंदर सिंह बाठ की पत्नी ने मंगलवार को कहा कि उन्हें ऐसा लग रहा है कि मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद भी पंजाब सरकार हमला मामले में उनके साथ खेल खेल रही है। कर्नल बाठ ने हाल में पटियाला में पार्किंग विवाद को लेकर पंजाब पुलिस के 12 कर्मियों पर उनके और उनके बेटे पर हमला करने का आरोप लगाया था। उन्होंने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कर मामले की जांच सीबीआई या किसी अन्य स्वतंत्र एजेंसी को सौंपने की मांग की। कर्नल बाथ की पत्नी जसविंदर कौर ने बताया था कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को यहां कर्नल के परिवार से मुलाकात के बाद आश्वासन दिया था कि सेना अधिकारी पर हुए हमले के मामले में न्याय मिलेगा। कौर ने कहा कि लेकिन उन्हें लगता है कि सरकार उनके साथ खेल खेल रही है।

### अगर वक्फ बिल जबरन मुसलमानों पर थोपने की कोशिश हुई तो देशव्यापी आंदोलन होगा : एआईएमआईएम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद में वक्फ संशोधन विधेयक लाए जाने के बीच ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने देशव्यापी आंदोलन शुरू करने की बात कही है। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष शोएब जमई ने कहा है कि यदि बिल को जबरन मुसलमानों पर थोपने की कोशिश हुई तो देशव्यापी आंदोलन होगा और इसकी शुरुआत दिल्ली से होगी। शोएब जमई ने बुधवार को एक्स लिखा, 'अगर वक्फ बिल जबरन मुसलमानों पर थोपने की कोशिश की गई तो देशव्यापी आंदोलन होगा और इसकी शुरुआत दिल्ली से करेंगे। 'पिछली बार आंदोलन जहां से खत्म हुआ था शुरूआत वहीं से होगी।' हम अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का इस्तेमाल करेंगे और संविधान में अल्पसंख्यको को दिए गए अधिकार पर हमला बर्दाश्त नहीं करेंगे।' 'जहां आंदोलन खत्म हुआ था शुरुआत वहीं से होगी', शोएब जमई की इस बात को शाहीनबाग की ओर इशारा समझा जा रहा है। इससे पहले संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ दिल्ली के शाहीनबाग में लंबे समय तक आंदोलन चला था। यहां सैकड़ों महिलाएं एक साल से अधिक समय तक धरने पर बैठी रही थीं।

### भूपेश बघेल की बढ़ीं मुश्किलें, 6000 करोड़ के महादेव ऐप घोटाले में सीबीआई ने आरोपी बनाया; एफआईआर में नाम

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) ने महादेव ऐप घोटाले में उन्हें आरोपी बनाया है। 6000 करोड़ के ऑनलाइन सट्टा घोटाले से जुड़े केस में सीबीआई ने बघेल का नाम एफआईआर में शामिल किया है। यह घटनाक्रम ऐसे समय पर हुआ है जब एक सप्ताह पहले एजेंसी ने चार राज्यों में 60 ठिकानों पर छापेमारी की थी, जिसमें बघेल का आवास, कुछ नौकरशाह और पुलिस अधिकारियों के घर शामिल थे।

# गुजरात में कांग्रेस की सियासी परीक्षा, 64 साल बाद अहमदाबाद में होगा अधिवेशन

**अहमदाबाद, एजेंसी।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (कांग्रेस) 64 साल के लंबे अंतराल के बाद गुजरात में अपने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के अधिवेशन की मेजबानी करने जा रही है। यह ऐतिहासिक सत्र 8 और 9 अप्रैल 2025 को अहमदाबाद में आयोजित होगा। इससे पहले गुजरात में आखिरी एआईसीसी सत्र 1961 में भावनगर में हुआ था। गुजरात में अपने अस्तित्व के संकट और राष्ट्रीय स्तर पर लगातार मिल रही चुनावी हार के बीच पार्टी इस सत्र के जरिए नई ऊर्जा प्राप्त करने की कोशिश करेगी। गुजरात में 64 साल बाद हो रहा यह एआईसीसी सत्र कई ऐतिहासिक संयोगों के कारण खास बन गया है। यह साल महात्मा गांधी की एकमात्र कांग्रेस अध्यक्षीय कार्यकाल की शताब्दी और सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती का भी प्रतीक है। कांग्रेस 8 अप्रैल को शाहिबाग स्थित सरदार पटेल मेमोरियल में कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक करेगी, जबकि 9 अप्रैल को साबरमती नदी के किनारे मुख्य एआईसीसी सत्र आयोजित किया जाएगा। सरदार पटेल की विरासत पर पुनः ध्यान केंद्रित करने की रणनीति? बीते एक दशक में भाजपा ने सरदार पटेल की विरासत को बड़े स्तर पर अपनाया है और कांग्रेस को इससे दूर करने का प्रयास किया है। ऐसे में सरदार पटेल की 150वीं



जयंती पर कांग्रेस द्वारा गुजरात में यह आयोजन करना महज संयोग नहीं माना जा रहा। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि पार्टी पटेल समुदाय के समर्थन को फिर से पाने की कोशिश कर रही है, जो माधवसिंह सोलंकी की क्षत्रिय, हरिजन, आदिवासी, मुस्लिम सोशल इंजीनियरिंग के बाद कांग्रेस से दूर होता गया था। हालांकि, कांग्रेस नेताओं ने इस आयोजन के राजनीतिक मायनों से इनकार किया है। गुजरात कांग्रेस के प्रवक्ता मनीष दोशी ने कहा, आप सरदार पटेल को किसी एक समुदाय के नजरिए से नहीं देख सकते। वे पूरे राष्ट्र के नेता थे। गुजरात में कांग्रेस के लिए क्यों महत्वपूर्ण है यह सत्र? गुजरात में कांग्रेस पिछले कई दशकों से लगातार कमजोर होती जा रही है। 2017 के विधानसभा चुनाव में पार्टी ने 77 सीटें जीतकर अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन 2022 में यह घटकर 17 सीटों पर आ गई। अब लोकसभा चुनाव नजदीक हैं और पार्टी इस सत्र के जरिए कार्यकर्ताओं में जोश भरने की कोशिश करेगी। पार्टी सूत्रों के अनुसार, यह सत्र 2027 के गुजरात विधानसभा चुनावों के लिए भी एक शुरुआती कदम है। कांग्रेस पिछले कई चुनावों में गुजरात में खराब प्रदर्शन से जूझ रही है। हाल के नगर निगम चुनावों में भी उसे करारी हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में यह सत्र पार्टी कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भरने और संगठन को मजबूत करने का प्रयास होगा। इस सत्र में देशभर से करीब 3,000 प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे, जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय पदाधिकारी और वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या कांग्रेस इस सत्र के जरिए अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन वापस हासिल कर पाएगी या यह केवल प्रतीकात्मक राजनीति बनकर रह जाएगा।

### छत्तीसगढ़ में घट गई पेट्रोल की कीमत,नए रेट लागू

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की जनता को आज विष्णु साय की सरकार ने पेट्रोल की कीमतों में बड़ी राहत दी है। आज यानी 1 अप्रैल से पेट्रोल के दाम 1 रुपये प्रति लीटर तक घटा दिए गए हैं। इसका मतलब लोगों को प्रति लीटर पर 1 रुपये कम देना होगा। पेट्रोल की कीमतों में कमी की बात छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने बजट में भी कही थी। पेट्रोल की कीमत में मामूली ही सही पर जरूरी कमी करने के बाद प्रदेश के लोग राहत की सांस ले रहे होंगे। डिप्टी सीएम ने सराहा छत्तीसगढ़ में पेट्रोल की कीमत घटने पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में, बजट सत्र के दौरान, हमारी सरकार ने घोषणा की कि हम पेट्रोल की कीमत 1 रुपये प्रति लीटर कम करेंगे। विष्णु देव साय की सरकार ने छत्तीसगढ़ के लोगों को बड़ी राहत देने का फैसला किया है। लोग इसका उत्साहपूर्वक स्वागत कर रहे हैं। बता दें कि छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इस साल के बजट में कीमते घटने की बात कही थी। 1 अप्रैल यानी नए वित्त वर्ष से लोगों को अब पेट्रोल 1 रुपये प्रति लीटर सस्ता मिलेगा।

### जोधपुर जेल में रेप के दोषी आसाराम ने किया सरेंडर, गुजरात हाईकोर्ट से राहत का नहीं हुआ फायदा

**जोधपुर, एजेंसी।** नाबालिग से रेप करने वाले आसाराम बापू ने जोधपुर जेल में सरेंडर कर दिया है। वह पैर में प्लास्टर बांधकर वापस जेल पहुंचे। उनकी अंतरिम जमानत 31 मार्च को समाप्त हो गई है। हालांकि गुजरात हाईकोर्ट ने 30 जून तक के लिए जमानत दे दी थी, लेकिन इसका कोई फायदा नहीं हुआ।

**समर्थकों संग पैर में प्लास्टर बांध पहुंचे जेल :** आसाराम अपने समर्थकों के साथ वापस जोधपुर सेंट्रल जेल पहुंचे। उनके पैर में प्लास्टर बंधा था। इसके चलते आसाराम ठीक से चल भी नहीं पा रहे थे। उन्हें व्हीलचेयर के जरिए अपनी बैरक तक ले जाया गया। इससे पहले पुलिस कर्मियों ने उनकी चेन और अंगूठी उतरवा ली थी।

**राजस्थान कोर्ट में कल होगी सुनवाई :** आसाराम के वकील ने जमानत का समय बढ़ाने के लिए याचिका दाखिल की हुई है। इसकी सुनवाई कल 2 अप्रैल को होनी है। अगर राजस्थान हाईकोर्ट ने उनकी जमानत अवधि नहीं बढ़ाई तो आसाराम को जेल में ही रहना होगा। क्योंकि, जब तक दोनों मामलों में राहत नहीं मिलती उन्हें जेल में ही रहना होगा।

**इन 2 अपराध में भुगत रहे उम्रकैद :** दो मामलों की बात करें तो आसाराम को जोधपुर और गांधीनगर दो अलग-अलग कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई हुई है। दोनों जगह उसके खिलाफ रेप का मामला है। राजस्थान के जोधपुर कोर्ट ने नाबालिग से रेप के आरोप में 25 अप्रैल 2018 को आजीवन कैद की सजा सुनाई थी। वहीं गुजरात के गांधीनगर कोर्ट ने 31 जनवरी 2023 को एक महिला से रेप करने का दोषी पाए जाने पर आजीवन कैद की सजा सुनाई थी।

**गुजरात हाईकोर्ट ने दिया था विभाजित फैसला :** गुजरात हाईकोर्ट की तरफ से विभाजित फैसला सामने आया था। जमानत के लिए लगाई गई याचिका 25 मार्च को गुजरात हाईकोर्ट ने सुरक्षित रख ली थी। 28 मार्च को फैसला आया तो एक न्यायाधीश ने हां तो दूसरे ने ना कहा। इसके चलते चीफ जस्टिस के पास मामला पहुंचाया गया। इसके बाद तीसरे जज ने आसाराम को अंतरिम जमानत देने का फैसला किया। और 2-1 के निर्णय से फैसला आसाराम के पक्ष में गया।

### जेपी नड्डा के बाद कौन? भाजपा कुछ ही दिनों में कर सकती है नए अध्यक्ष का ऐलान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का ऐलान जल्द ही होने के आसार हैं। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि अप्रैल के तीसरे सप्ताह तक पार्टी को नया कप्तान मिल सकता है। फिलहाल, इसे लेकर भाजपा की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। राज्य स्तर पर पार्टी के संगठन चुनाव जारी हैं। कुछ राज्यों में अध्यक्ष का ऐलान होना बाकी है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों ने बताया है कि 4 अप्रैल को संसद का जारी सत्र समाप्त होने के बाद भाजपा अध्यक्ष चुने की जाने की प्रक्रिया तेज हो सकती है। उन्होंने आगे संकेत दिए हैं कि अप्रैल के तीसरे सप्ताह तक भाजपा अपने अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम का ऐलान कर सकती है। फिलहाल, इस पर केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा हैं। खबर है कि भाजपा के संगठन चुनाव 13 राज्यों में हो चुके हैं और इन जगहों पर अध्यक्षों का भी ऐलान हो चुका है। अब कहा जा रहा है कि 19 और राज्यों के प्रदेश प्रमुखों का नाम घोषित होने के बाद भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए आगे बढ़ेगी। इस सप्ताह उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में बीजेपी अध्यक्षों की घोषणा हो सकती है।

# कर्मचारियों की मेहनत को सलाम, काबरा ज्वेल्स ने गिफ्ट की कारें

**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात में कर्मचारियों की मेहनत की सराहना करने और उन्हें शानदार तोहफे देने की परंपरा जारी है। सूरत के हीरा व्यापारी सावजी ढोलकिया की तरह, अब अहमदाबाद के प्रसिद्ध आभूषण व्यवसायी कैलाश काबरा ने भी अपनी कंपनी काबरा ज्वेल्स लिमिटेड के 12 वरिष्ठ कर्मचारियों को नई कारें गिफ्ट में दी हैं। यह कदम कंपनी द्वारा 200 करोड़ रुपये का कारोबार पूरा करने के जश्न का हिस्सा है। काबरा ज्वेल्स के संस्थापक और प्रबंध निदेशक कैलाश काबरा ने बताया कि उन्होंने 2006 में मात्र 2 करोड़ रुपये के टर्नओवर और 12 सदस्यों की टीम के साथ इस व्यवसाय की शुरुआत की थी। आज उनकी टीम 140 सदस्यों तक पहुंच गई है और कंपनी ने 2024-25 में 200 करोड़ रुपये की बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है। काबरा ने कहा, यह उपलब्धि मेरी टीम के अथक प्रयासों के बिना संभव नहीं थी। अपने लिए एक लग्जरी कार खरीदने के बजाय, मैं उन कर्मचारियों को सम्मानित करना चाहता था, जिन्होंने इस सफर में अहम भूमिका निभाई है। कैलाश काबरा ने 12 टीम सदस्यों को महिंद्रा एक्सयूवी 700, टोयोटा इनोवा, हुंडई आई10, हुंडई एक्सेंट, मारुति सुजुकी अर्टिगा और ब्रेजा जैसी कारें भेंट कीं। इसके अलावा, कंपनी के अन्य कर्मचारियों को टू-व्हीलर, मोबाइल फोन, फैमिली हॉलीडे पैकेज और सोने-चांदी के सिक्के भी उपहार में दिए गए। काबरा ज्वेल्स के कर्मचारी मीता पांचाल, जिन्हें कार गिफ्ट में मिली, ने कहा, हमने हमेशा कंपनी को अपने परिवार की तरह माना, और आज कंपनी ने भी हमें परिवार जैसा सम्मान दिया। इतने सालों की मेहनत के लिए हमें इस तरह की सराहना मिलना वाकई खुशी की बात है। काबरा ज्वेल्स लिमिटेड



अहमदाबाद में केके ज्वेल्स ब्रांड के तहत 7 शोरूम संचालित करता है। कंपनी शादी-ब्याह और दैनिक उपयोग के आभूषणों की एक विस्तृत रेंज उपलब्ध कराती है और जल्द ही गुजरात में अपने और भी नए स्टोर खोलने की योजना बना रही है। तीन महीने पहले, कंपनी का आईपीओ भी सफल रहा, जिससे यह और तेजी से विस्तार की ओर बढ़ रही है। काबरा ने अपने इस कदम के पीछे अपने परिवार और बिजनेस गुरु का जिक्र करते हुए कहा, मेरे पिता, चाचा और दादा मेरे सबसे बड़े गुरु हैं। साथ ही, मेरे बिजनेस गुरु गणपतजी चौधरी ने मुझे कमाओ और वापस दो का महत्व सिखाया। मुझे गर्व है कि मैं उनकी इस सीख को अपनी कंपनी में लागू कर सका।

**विदेश भेजने के नाम पर भदोही की दलित महिला से ढाई लाख रुपये ठगे : भदोही, एजेंसी।** भदोही की एक दलित महिला के पति को विदेश भेजने के नाम पर ढाई लाख रुपये की ठगी करने के एक मामले में यहां की एक विशेष अदालत के निर्देश पर आरोपी व्यक्ति और उसके पिता के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। बताया कि औराई थाना क्षेत्र में खेतल पुर गांव निवासी मैना देवी (30) ने भदोही की विशेष अदालत (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति) (एससी/एसटी) में चार मार्च, 2025 को एक याचिका दायर की थी। उन्होंने बताया कि अदालत के निर्देश पर प्रयागराज के करैली थाना अंतर्गत जे. के. नगर निवासी मोहम्मद खालिद (50) और उसके बेटे राजू (25) के विरुद्ध मंगलवार को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318 (2) (धोखाधड़ी), 335 (झूठे दस्तावेज बनाना), (शांति भंग करने के इरादे से अपमानित करना) और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अधिनियम की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि मैना देवी के पति प्रदीप कुमार को विदेश में एसी और कूलर बनाने वाली कंपनी में नौकरी दिलाने के नाम पर खालिद और उसके बेटे राजू ने अपने खाते में मार्च, 2024 से जनवरी, 2025 के बीच दो लाख रुपये हस्तांतरित करवाए थे।

# औरंगजेब की कब्र पर ना खर्च करें सरकारी धन, सीसीटीवी लगाए रखें: राज ठाकरे

**छत्रपति संभाजीनगर, एजेंसी।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने मंगलवार को कहा कि छत्रपति संभाजीनगर जिले में मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र के रखरखाव पर सरकारी धन खर्च नहीं किया जाना चाहिए। यह मांग ऐसे समय में आयी है जब दक्षिणपंथी संगठन कब्र को हटाने की मांग कर रहे हैं। राज ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी के एक स्थानीय प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर दिलीप स्वामी को एक ज्ञापन सौंपकर मध्य महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले के खुलताबाद स्थित भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित कब्र से संबंधित पांच मांगों को सूचीबद्ध किया। मनसे ने कहा कि उस स्थान पर एक बोर्ड लगाया जाना चाहिए जिस पर लिखा हो, ''हम मराठों ने औरंगजेब को यहीं दफनाया है जो हमें खत्म करने आया था।' 'ज्ञापन के अनुसार, कब्र के आस-पास की सजावट को हटाया जाना चाहिए और जिस क्षेत्र में यह ढांचा है, वहां सीसीटीवी की निगरानी होनी चाहिए। साथ ही, ढांचे के रखरखाव पर सरकारी धन खर्च नहीं किया जाना



चाहिए। पार्टी ने कहा कि जिले के विद्यालयों के छात्रों को मकबरे के अध्ययन दौरे पर भेजा जाना चाहिए ताकि वे विवादास्पद मध्यकालीन मुगल बादशाह से जुड़े इतिहास को जान सकें। मनसे का यह ज्ञापन औरंगजेब की कब्र को हटाने की दक्षिणपंथी संगठनों की मांग के बीच आया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को कहा था कि लोग मुगल बादशाह औरंगजेब को पसंद करें या न करें, लेकिन उसकी कब्र एक संरक्षित स्मारक है, लेकिन किसी को उसका महिमामंडन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इससे दो दिन पहले महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने औरंगजेब की कब्र को लेकर कथित तौर पर सांप्रदायिक तनाव भड़काने के प्रयासों की निंदा की थी और कहा था कि इतिहास को जाति और धर्म के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए।

उन्होंने लोगों से इतिहास से जुड़ी जानकारियों के लिए व्हाट्सऐप पर आने वाले संदेशों पर निर्भर न रहने को कहा। ठाकरे ने शिवाजी पार्क में वार्षिक गुड़ी पड़वा रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मुगल शासक ''एक विचार को मारना चाहते थे और वह है शिवाजी' लेकिन असफल रहे। उन्होंने कहा कि बीजापुर के सेनापति अफजल खान को प्रतापगढ़ किले के पास दफनाया गया था और यह छत्रपति शिवाजी महाराज की अनुमति के बिना संभव नहीं था। ठाकरे ने लोगों से उकसावे में नहीं आने और विचलित न होने का आग्रह करते हुए कहा कि शिवाजी से पहले और शिवाजी के बाद के युगों में सामाजिक-राजनीतिक परिस्थितियां भिन्न थीं।

# 40 किलोमीटर लंबा, 5600 करोड़ की लागत; हिमाचल में बनेगा दुनिया का सबसे लंबा रोप वे

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के शिमला में यात्रा का समय बचाने और ट्रैफिक से निजात पाने के लिए सरकार ने रोप वे बनाने की योजना बनाई है। शिमला में बनने जा रहा यह रोप वे दुनिया का सबसे लंबी दूरी का होगा। इसकी मदद से शिमला और परवाणू के बीच करीब 40 किलोमीटर दूरी को 2 घंटे में कवर किया जा सकेगा।

रोप वे 40 किलोमीटर से कुछ लंबा होगा। इसे बनाने में करीब पांच साल का वक्त लग सकता है, जिसकी कीमत 5600 करोड़ रुपये आ सकती है। एक बार रोप वे बनकर तैयार हो गया तो इससे न केवल टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा बल्कि शिमला का एकमात्र हाइवे जाम जैसी समस्या से राहत भी पाएगा। रिपोर्ट के अनुसार शिमला से लेकर परवाणू तक बनने जा रहे इस रोप वे में 11 स्टेशन होंगे। इनके नाम तारा देवी (गोयल मोटर्स), तारा देवी मंदिर, शोघी, वाकनाघाट, वाकनाघाट आईटी सिटी, करोल का टिब्बा, सोलन, बड़ोग, डगशाई छावनी, जाबली और परवाणू। शुरुआती अनुमान में सामने आए आंकड़ों से पता चला है कि एक तरफ से हर घंटे 904 यात्री आ-जा सकते हैं। इस हिसाब से सालाना 25 लाख यात्रियों को सेवा मुहैया कराई जा सकती है। इसमें मोनो केबल डिटेचबल गोनडोला सिस्टम से बनी केबल कार होंगी। इसकी मदद से एक कार में 8-10 यात्री आ-जा सकते हैं। वहीं ट्राई



केबल 3 एस सिस्टम केबल कार की क्षमता 25 यात्री की है। राज्य सरकार ने इस योजना को रोप वे और रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन को सौंपा है। यह एजेंसी दुनिया भर से प्राइवेट संस्थाओं को प्रोजेक्ट पूरा करने का प्रपोजल भेजेगा। चयनित फर्म के पास इसके रखरखाव की पूरी जिम्मेदारी होगी। इसमें रोप का निर्माण, उसका वित्त, उसको चलाना, उसका रखरखाव, टिकट को बेचना आदि। यह फर्म रोप वे के रास्ते में आने वाली जगहों को लीज पर लेगा। शिमला और परवाणू के बीच की 90 किलोमीटर की दूरी में रोजाना करीब 22 हजार गाड़ियां चलती हैं। वीकेंड के दौरान ये आंकड़ा बढ़कर करीब 45 हजार हो जाता है, क्योंकि इस दौरान टूरिस्ट की संख्या बढ़ने लगती है।

# हरियाणा में बिजली महंगी हुई, नई दरें जारी की गईं

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) ने 2025-26 के लिए नयी बिजली दरों की घोषणा की है जिसके तहत घरेलू और औद्योगिक श्रेणियों के लिए शुल्क में पिछले वर्ष की तुलना में 20 से 30 पैसे प्रति किलोवाट/केवीएएच तक की बढ़ोतरी की गई है। एचईआरसी का आदेश मंगलवार देर रात जारी किया गया। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एचईआरसी ने बिजली की दर में 20 पैसे प्रति किलोवाट की बढ़ोतरी की है। शून्य से 50 यूनिट के स्लैब में दर दो रुपये प्रति किलोवाट से बढ़ाकर 2.20 रुपये कर दी गई है। इसी तरह, 51-100 यूनिट स्लैब में भी दर 2.50 रुपये प्रति किलोवाट से बढ़ाकर 2.70 रुपये की गई है। प्रति माह 100 यूनिट से अधिक खपत वाले उपभोक्ताओं को शून्य से 150 यूनिट के स्लैब में अब 2.75 के बजाय 2.95 रुपये प्रति किलोवाट के हिसाब से भुगतान करना होगा। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, वित्त वर्ष 2020-21 में श्रेणी-एक के लिए शुल्क 2.70 रुपये प्रति यूनिट से घटाकर दो रुपये (0-50 यूनिट प्रति माह) कर दिया गया था और 51 से 100 यूनिट स्लैब में शुल्क 4.50 रुपये प्रति यूनिट से घटाकर 2.50 रुपये किया गया था, जिन्हें अब नवीनतम आदेश में 2.20 रुपये और 2.70 रुपये प्रति यूनिट तय किया गया



है। बयान में कहा गया, ''इसके अलावा, बिजली दरों का यह नया ढांचा न्यूनतम मासिक शुल्क (एमएमसी) के बोझ को खत्म करके लोगों को तत्काल राहत प्रदान करता है। हालांकि, दो तरह की शुल्क व्यवस्था शुरू की गई है, जिसमें 300 यूनिट तक मासिक बिजली खपत वाले घरेलू उपभोक्ताओं पर कोई निर्धारित शुल्क नहीं लगाया जाएगा।'' आधिकारिक बयान में कहा गया, ''श्रेणी-एक के घरेलू उपभोक्ताओं के लिए शुल्क अभी भी पड़ोसी राज्यों की तुलना में सबसे कम है।'' इस बीच, 151-300 यूनिट के स्लैब के लिए दर 5.25 रुपये, 301 से 500 यूनिट तक के लिए 6.45 रुपये और 500 यूनिट से अधिक की खपत के लिए 7.10 रुपये प्रति किलोवाट होगी। एचईआरसी ने पांच किलोवाट से अधिक लोड वाले उपभोक्ताओं के लिए एक नयी श्रेणी भी बनाई है। शून्य से 500 यूनिट स्लैब के लिए दर 6.50 रुपये, 501 से 1,000 यूनिट के लिए 7.15 रुपये और 1,000 यूनिट से अधिक के लिए 7.50 रुपये प्रति किलोवाट होगी। इसके अलावा, 301 से 500 तथा 500 यूनिट से अधिक स्लैब में 50 रुपये प्रति किलोवाट का निर्धारित शुल्क लगाया गया है। औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए, 11 केवीएएच आपूर्ति श्रेणी में दर 6.65 रुपये प्रति केवीएएच (किलोवोल्ट-एम्पीयर घंटा) से बढाकर 6.95 रुपये कर दी गई है। इसके अलावा, इस श्रेणी में निर्धारित शुल्क 165 रुपये प्रति केवीए (किलोवोल्ट एम्पीयर) प्रति माह से बढ़ाकर 290 रुपये कर दिया गया है। लोड के अनुसार, न्यूनतम मासिक शुल्क प्रति बीएचपी सालाना 200 रुपये प्रति केवीए से घटाकर 180/144 रुपये कर दिया गया है।

आईपीएल 2025:

# श्रेयस को रोकना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन

## लखनऊ के खिलाफ नाबाद अर्धशतक से एक साथ तोड़ा धोनी-गिलक्रिस्ट का रिकॉर्ड



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के 13वें मुकाबले में ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ सुपर जायंट्स को श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली पंजाब किंग्स ने बड़ी ही आसानी से 8 विकेट से हरा दिया। पंजाब किंग्स का ये इस लीग में दूसरा लीग मैच मैच था और दोनों ही मैचों में इस टीम को जीत मिली। पंजाब की बैटिंग इस मैच में धाकड़ रही और इस टीम ने 172 रन के टारगेट को 8 विकेट शेष रहते हासिल कर लिया।

लखनऊ के खिलाफ इस मैच में पंजाब के ओपनर बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह (69 रन) और कप्तान श्रेयस अय्यर (52 रन) ने नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली जबकि चौथे नंबर पर बैटिंग करने आए नेहर वढेरा (43 रन) भी नाबाद रहे।

पंजाब के लिए इस मुकाबले में अर्शदीप सिंह काफी असरदार रहे और अपनी टीम के लिए 3 विकेट लेने में सफलता हासिल की। प्रभसिमरन सिंह को उनकी तेज बैटिंग के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया तो वहीं कमाल की लय में चल रहे कप्तान श्रेयस ने नाबाद पारी के दम पर एमएस धोनी और एडम गिलक्रिस्ट के बड़े रिकॉर्ड को तोड़न में सफलता हासिल की।

### श्रेयस अय्यर ने एमएस धोनी को पीछे छोड़ा

श्रेयस अय्यर ने कप्तानी पारी खेलते हुए अपनी टीम को जीत दिलाई और बतौर कप्तान एक बेहतरीन रिकॉर्ड अपने नाम किया। श्रेयस अय्यर ने बतौर कप्तान आईपीएल में लगातार सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर जगह बना ली।

बतौर कप्तान श्रेयस की आईपीएल में ये लगातार 8वीं जीत रही और उन्होंने एमएस धोनी को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने कप्तान के रूप में साल 2013 में लगातार 7 मैचों में जीत हासिल की थी। वहीं श्रेयस ने शेन वॉर्न की बराबरी कर ली जिन्होंने साल 2008 में लगातार 8 मैच जीते थे।

### आईपीएल में लगातार सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले कप्तान

10 - गौतम गंभीर (2014-15)
8 - शेन वॉर्न (2008)
8 - श्रेयस अय्यर (2024-25)
7 - एमएस धोनी (2013)

### श्रेयस ने तोड़ा एडम गिलक्रिस्ट का रिकॉर्ड

श्रेयस अय्यर ने लखनऊ के खिलाफ हुए मैच में 30 गेंदों पर 4 छक्के और 3 चौकों की मदद से नाबाद 52 रन की पारी खेली और इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 173.33 का रहा। अपनी पारी में लगाए 4 छक्कों के दम पर श्रेयस अय्यर आईपीएल में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में 7वें नंबर पर आ गए और एडम गिलक्रिस्ट को पीछे छोड़ दिया।

श्रेयस ने बतौर कप्तान इस लीग में अब तक 83 छक्के लगाए हैं जबकि गिलक्रिस्ट ने 79 सिक्स जड़े थे। इस सूची में पहले स्थान पर एमएस धोनी हैं जिन्होंने 218 छक्के लगाए हैं।

### आईपीएल में कप्तान के तौर पर सबसे ज्यादा छक्के (पारी)

218 - एमएस धोनी (196)
168 - विराट कोहली (142)
158 - रोहित शर्मा (157)
109 - डेविड वॉर्नर (83)
105 - केएल राहुल (64)
91 - संजू सैमसन (60)
83 - श्रेयस अय्यर (71)
79 - एडम गिलक्रिस्ट (74)

# बीसीसीआई ने फिर दिखाया ईशान किशन को ठेंगा

टीम इंडिया में वापसी, अब तो भूल ही जाओ!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट अभी जारी नहीं हुई है, लेकिन विराट कोहली और रोहित शर्मा को लेकर अपडेट है कि वो + ग्रेड में बने रहने वाले हैं. मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि श्रेयस अय्यर को उनका कॉन्ट्रैक्ट वापस मिलने वाला है. इस बीच विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन के भविष्य पर भी खबर सामने आई है. याद दिला दें कि पिछले वर्ष श्रेयस अय्यर और ईशान किशन, दोनों को डोमेस्टिक क्रिकेट ना खेलने के कारण बीसीसीआई ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से बाहर कर दिया था. स्पोर्ट्स तक के मुताबिक बीसीसीआई श्रेयस अय्यर को अपना कॉन्ट्रैक्ट वापस दे सकती है. दूसरी ओर ईशान किशन को कॉन्ट्रैक्ट वापस पाने के लिए अभी इंतजार करना पड़ सकता है. किशन नवंबर 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 मैच में आखिरी बार भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते दिखे थे.



### ईशान किशन को करना पड़ेगा इंतजार

स्पोर्ट्स तक के हवाले से एक सूत्र ने बताया, ईशान किशन को अभी सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट वापस पाने के लिए इंतजार करना पड़ेगा. उन्होंने दिक्कतों को सुधारा है, लेकिन अभी तक वह प्रदर्शन नहीं कर सके हैं, जिससे उन्हें सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में वापस लाया जा सके. बीसीसीआई की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से बाहर होने के बाद ईशान किशन ने आईपीएल 2024 में सिर्फ 23 के औसत से 320 रन बनाए थे. इसके अलावा डोमेस्टिक मैचों में भी किशन कमाल का प्रदर्शन नहीं कर सके हैं. साल 2024 से किशन का टी20 में औसत सिर्फ 28.04 का रहा है.





## इंग्लैंड को टेस्ट सीरीज से बड़ा झटका, बेन स्टोक्स चैंपियनशिप से बाहर

**लंदन, एजेंसी।** भारत बनाम इंग्लैड के साथ आगामी टेस्ट सीरीज से पहले इंग्लैंड को बड़ा झटका लगा है। टीम के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स हैमस्ट्रिंग चोट के कारण डरहम के काउंटी चैंपियनशिप से बाहर हो गए है। वह हालांकि हैमस्ट्रिंग सर्जरी से उबर रहे हैं। मुख्य कोच रयान कैंपबेल ने यह जानकारी दी। कैंपबले को भरोसा है कि ऑलराउंडर स्टोक्स इंग्लैंड के ग्रीष्मकालीन मुकाबलों के लिए पूरी तरह से फिट हो जाएंगे।

ऑलराउंडर स्टोक्स (33) छह महीने में दूसरी बार हैमस्ट्रिंग से जूझ रहे हैं। न्यूजीलैंड में इंग्लैंड के अंतिम टेस्ट के दौरान हुई वह चोटिल हो गए थे, तब से लेकर स्टोक्स ने कोई मैच नहीं खेला है, लेकिन हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह गेंदबाजी करते हुए दिखाई दे रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक ऑलराउंडर स्टोक्स शुक्रवार से शुरू हो रही काउंटी चैंपियनशिप में नहीं खेल पायेंगे। चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने के बाद डरहम और इंग्लैंड के उनके साथी खिलाड़ी ब्रायडन कार्से अब अपनी पैर की अंगुली की चोट से उबर रहे हैं जिसके कारण वह भी पिछले महीने चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए थे।

मुख्य कोच ने कहा, 'वे फिलहाल गंभीर चोटों से उबर रहे हैं। हालांकि उन्हें टेस्ट मैचों के शुरू होने से पहले अपने आप को फिट रखना होगा। इंग्लैंड का टेस्ट समर 22 मई को ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे के खिलाफ शुरू होगा, उसके बाद भारत के खिलाफ 5 मैचों की सीरीज होगी। ऑस्ट्रेलिया के एशेज दौरे के मद्देनजर स्टोक्स आठ महीनों में 11 टेस्ट को खेलने के लिए अपनी वापसी को प्राथमिकता दे रहे हैं। ऑलराउंडर स्टोक्स ने सोमवार से डरहम में अपनी रिकवरी जारी रखते हुए फिर से प्रशिक्षण शुरू कर दिया है।

पाकिस्तान का न्यूजीलैंड में बना तमाशा

## दूसरे वनडे में हार के साथ गंवाई सीरीज, इस गेंदबाज ने मिटाई सारी कसक

**हेमिल्टन, एजेंसी।** लो भइया, हार गया एक और मैच, एक और सीरीज पाकिस्तान. न्यूजीलैंड में बन गया तमाशा, पाकिस्तान की पूरी क्रिकेट टीम का. टी20 सीरीज तो हार ही गए थे. हैमिल्टन वनडे में मिली हार के बाद अब उन्होंने वनडे सीरीज भी गंवा दी है. 3 वनडे की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त ले चुका है न्यूजीलैंड, जिसकी कहर बरपाती गेंदबाजी के आगे पाकिस्तानी बल्लेबाजों की एक ना चली.



बेशक 300 रनों से कम का टारगेट था तो मौका लग रहा था. लेकिन, न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने उस मौके को उनकी पहुंच से दूर कर दिया. खासकर 27 साल के बेन सियर्स ने, जिन्होंने इस मैच में अपनी सारी कसक मिटा ली. उन्होंने अपने वनडे करियर के पहले विकेट से लेकर 5 शिकार करने तक, सब इसी मैच में किए. हैमिल्टन में खेले दूसरे वनडे में न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 84 रन से हराया. पहले खेलते हुए न्यूजीलैंड ने 50 ओवर में 7 विकेट पर 292 रन बनाए थे.

जवाब में 292 रन का पीछा करने उतरी पाक टीम पूरे 50 ओवर भी नहीं खेल सकी. 41.2 ओवर में ही 208 रन पर उसकी पारी का अंत हो गया. इससे पहले नेपियर में खेले पहले वनडे में पाकिस्तान को 90 रन से हार मिली थी.

### बेन सियर्स ने पाकिस्तान का खोला

**'पंजा', मिटाई कसक:** पाकिस्तान की टीम को लक्ष्य से 84 रन दूर रोकने में सबसे बड़ी भूमिका अपने तीसरा वनडे मैच खेल रहे गेंदबाज बेन सियर्स की रही. दाएं हाथ के तेज गेंदबाज बेन सियर्स ने हैमिल्टन वनडे में कमाल का प्रदर्शन किया. उन्होंने 9.2 ओवरों में 59 रन देकर 5 खिलाड़ियों को आउट किया. बेन सियर्स ने जहां पहली बार 5 विकेट लेने का कारनामा किया, वहीं उन्होंने इस मैच में अपने वनडे करियर का पहला विकेट भी लिया. इससे पहले खेले 2 वनडे में उनके नाम कोई विकेट नहीं था.

हैमिल्टन वनडे में पाकिस्तान की हार की सबसे बड़ी वजह उसके टॉप के 5 बल्लेबाजों की नाकामी रही, जिनके लिए दहाई का आंकड़ा छूना पहाड़ चढ़ने जैसा रहा. टॉप ऑर्डर का कोई बल्लेबाज डबल डिजीट में रन नहीं बना सका, फिर चाहे वो बाबर आजम हों, इमाम-उल-हक, अब्दुल्लाह शफीक या मोहम्मद रिजवान और सलमान आगा, सबके सब सिंगल डिजीट स्कोर पर आउट हुए. ये सभी बल्लेबाज 50 रन के अंदर मतलब सिर्फ 32 रन पर पवेलियन लौट चुके थे.



## जिस टीम ने सड़क से उठाया, अब उसे ही छोड़ना चाहते हैं यशस्वी जायसवाल, चौंकाने वाला फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यशस्वी जायसवाल जैसा खिलाड़ी अगर किसी टीम में रहे तो उसके जीतने की संभावना ज्यादा रहती है क्योंकि वो एक मैच विनर हैं. लेकिन अब इस मैच विनर बल्लेबाज ने अपनी टीम छोड़ने की इजाजत मांगी है. खबर बेहद चौंकाने वाली है, मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो यशस्वी जायसवाल मुंबई रणजी टीम को छोड़ना चाहते हैं जिसके लिए उन्होंने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन से एनओसी मांगी है. यशस्वी जायसवाल ने इसकी निजी वजह बताई है.

### किस टीम से खेलेंगे जायसवाल?

रिपोर्ट्स की मानें तो यशस्वी जायसवाल ने मुंबई को छोड़कर गोवा जाने का फैसला किया है. वो आने वाले रणजी सीजन में गोवा के लिए खेलना चाहते हैं. पृथ्वी शॉ से पहले मुंबई के कई क्रिकेटर गोवा खेलने गए हैं. इसमें एक पॉपुलर नाम अर्जुन तेंदुलकर हैं जो कि पहले मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी खेलते थे लेकिन अब पिछले 3 सीजन से वो गोवा के लिए रणजी ट्रॉफी खेल रहे हैं. अब यशस्वी जायसवाल भी इसी टीम का हिस्सा बनना चाहते हैं.

ऐसी खबरें हैं कि यशस्वी जायसवाल गोवा के कप्तान बन सकते हैं. हालांकि इसकी अभी पुष्टि नहीं हुई है. ये जरूर है कि यशस्वी जायसवाल ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन को एनओसी के लिए ईमेल किया है.

### 2019 में किया था मुंबई के लिए डेब्यू

यशस्वी जायसवाल ने साल 2019 में मुंबई के लिए डेब्यू किया था. फर्स्ट क्लास क्रिकेट का पहला मैच उन्होंने छत्तीसगढ़ के खिलाफ खेला. पहले मैच में ये खिलाड़ी कुछ खास कमाल नहीं कर पाया लेकिन इसके बाद जायसवाल ने रनों का अंबार लगा दिया. बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 36 फर्स्ट क्लास मैचों में 60 से ज्यादा की औसत से 3712 रन बनाए हैं. जायसवाल के बल्ले से 13 शतक और 12 अर्धशतक निकले हैं. बता दें यशस्वी जायसवाल को मुंबई की टीम ने ही मौका दिया जिसके बाद वो इतना बड़ा नाम बने. मुंबई ने इस खिलाड़ी को पूरा सपोर्ट किया, उन्हें टॉप ऑर्डर में जगह दी और अब ये खिलाड़ी इस टीम को छोड़ने वाला है.

## भारत का सबसे युवा प्रोफेशनल बॉक्सर अब भी देख रहा ओलंपिक मेडल जीतने का सपना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक में भारत के निशांत देव मेडल के दावेदार थे लेकिन वह अपने ओलंपिक में क्वार्टर फाइनल में ही बाहर हो गए। इस हार ने निशांत का दिल तोड़ दिया। वह परिणाम से संतुष्ट नहीं थे। उन्हें लगा कि परिणाम उनके पक्ष में आना चाहिए था। इस दिल तोड़ने वाली हार के बाद वह कुछ समय के लिए ब्रेक पर गए। कुछ समय बाद खबर आई की निशांत प्रोफेशनल बॉक्सर बनने वाले हैं। निशांत ने अपने इस फैसले के पीछे की वजह भी बताई। निशांत यादव के मुताबिक जब वह 15 साल के थे तबसे



प्रोफेशनल बॉक्सर बनने का सपना देख रहे हैं। उन्होंने यूट्यूब पर मोहम्मद अली, माइक टाइसन और कॉर्नर मैकग्रेगर की वीडियो देखी और सपना देखने लगे कि एक दिन वह भी ऐसे ही प्रोफेशनल बॉक्सर बनेंगे।

**पेरिस ओलंपिक की हार नहीं प्रोफेशनल बनने की वजह**

उन्होंने कहा, मेरे चाचा, जो जर्मनी में रहते थे, उन्होंने मुझे प्रोफेशनल बॉक्सिंग की कहानियां सुनाईं, और तब से मेरा सपना शुरू हुआज्मैं 15 साल का था।

यह एक गलत धारणा है कि मैं ओलंपिक में मार्को (वर्डे) से हारने के कारण प्रोफेशवल मुक्केबाज बन गया। हां, हार निराशाजनक थी, और उस हार के बाद मैं बहुत बुरी स्थिति में था, लेकिन प्रोफेनल बनने का फैसला मैंने बहुत कर लिया था।'

**लॉस एंजेलिस में शुरू हुआ सफर**

उन्होंने कहा, पेरिस मेरे लिए मुश्किल था। मेरा पूरा परिवार वहां मौजूद था, और यह मेरे लिए बहुत बड़ी हार थी। जब परिणाम मेरे पक्ष में नहीं आया, तो मैं पूरी तरह से खो गया। लेकिन मेरा परिवार मेरे साथ है, इसलिए उन्होंने मेरा ख्याल रखा।

जब मैं भारत लौटा, तब भी सभी ने यही पूछा, और मैं किसी भी बात का जवाब नहीं देना चाहता था। इसी दौरान उन्हें सबसे पहले कोच रोनाल्ड का फोन आया जो कि खुद एक प्रोफेशनल बॉक्सर रहे हैं।

## कोरोना काल में ट्रॉफियां बेचकर की थी मदद, अब 20 साल के गोल्फर अर्जुन भाटी को मिलेगा यूथ अवॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ष 2020 में जब पूरी दुनिया और देश कोरोना महामारी से जूझ रहा था तब अर्जुन ने प्रधानमंत्री राहत कोष में 4.30 लाख रुपये की राशि दान में दी थी। यह राशि उन्होंने अपनी 102 ट्रॉफियां और वह जूते, जिन्हें उन्होंने पहनकर जूनियर विश्व चैंपियनशिप जीती थी, बेचकर जुटाई थी। गोल्फर अर्जुन भाटी की उम्र तो महज 20 साल है, लेकिन इस उम्र में उन्होंने गोल्फ कोर्स और उसके बाहर ऐसी उपलब्धियों को अंजाम दिया कि भारत सरकार ने उन्हें राष्ट्रीय यूथ अवॉर्ड देने का फैसला लिया। तीन बार के जूनियर विश्व गोल्फ चैंपियन अर्जुन 150 के करीब ट्रॉफियां जीत चुके हैं।

पीएम राहत कोष में दिए थे रुपये

वर्ष 2020 में जब पूरी दुनिया और देश कोरोना महामारी से जूझ रहा था तब अर्जुन ने प्रधानमंत्री राहत कोष में 4.30 लाख रुपये की राशि दान में दी थी। यह राशि उन्होंने अपनी 102 ट्रॉफियां और वह जूते, जिन्हें उन्होंने पहनकर जूनियर विश्व चैंपियनशिप जीती थी, बेचकर जुटाई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उनके इस प्रयास को सराहते हुए सोशल मीडिया पर उनकी




तारीफ की थी। अर्जुन को बुधवार को राष्ट्रीय यूथ अवॉर्ड दिया जाएगा। राष्ट्रीय यूथ अवॉर्ड से सम्मानित होने पर भारतीय गोल्फर अर्जुन भाटी ने कहा, मैं इस पुरस्कार के लिए बहुत आभारी हूं और यह मेरे परिवार और मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। मेरे प्रयासों ने फल दिया है। मैं नौ साल का था जब मैंने अपने स्कूल में पहली बार गोल्फ खेला था। मैं पिछले 11 सालों से खेल रहा हूं और यह यात्रा बहुत अच्छी रही है। मेरे सफर में मुझे बहुत से समर्थक मिले हैं। मुझे यह खेल बहुत पसंद है।

टाइगर वुड्स और विराट हैं आदर्श

अर्जुन बताते हैं कि वह इन दिनों ब्रिटिश ओपन की तैयारियों में जुटे हैं। बीते वर्ष भी वह इस चैंपियनशिप के क्वालिफायर में खेले थे, लेकिन एक स्ट्रोक से मुख्य टूर्नामेंट में खेलने से रह गए थे। टाइगर वुड्स और विराट कोहली को आदर्श मानने वाले अर्जुन ने नौ साल की उम्र में गोल्फ खेलना शुरू किया था। वह ग्रेटर नोएडा स्थित जेपी ग्रींस गोल्फ कोर्स में रहते हैं। अर्जुन ने कहा, टाइगर वुड्स बहुत लंबे समय से मेरी प्रेरणा रहे हैं। मैं व्यक्तिगत रूप से विराट कोहली को पसंद करता हूं। मुझे उनके खेल के प्रति समर्पण, फिटनेस स्तर, काया और मानसिकता बहुत पसंद है। वह देश के सभी युवाओं के लिए बहुत प्रेरणादायक हैं। वह बहुत प्यारे और सच्चे इंसान हैं और उनका समर्थन मेरे लिए बहुत मायने रखता है। विराट कोहली फाउंडेशन कई अलग-अलग विषयों के लगभग 40 बच्चों की मदद करता है। उन्होंने देश के लिए जो कुछ किया है, मैं उसकी प्रशंसा करता हूं। मेरा भविष्य का लक्ष्य भारत के लिए ओलंपिक स्वर्ण पदक लाना है। मैं हर दिन खुद को बेहतर बनाने की कोशिश कर रहा हूं।

ओलंपिक पदक जीतना है सपना

2016 में पहली बार जूनियर विश्व चैंपियन बनने वाले अर्जुन के मुताबिक यूथ अवॉर्ड उन्हें और अच्छा करने की प्रेरणा देगा। विराट कोहली फाउंडेशन 2019 से उनकी मदद कर रहा है। उनका सपना देश के लिए ओलंपिक पदक जीतना है और इसके लिए वह कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

## वर्ल्ड बॉक्सिंग कप: विश्व मुक्केबाजी कप में भारत की खराब शुरुआत, लक्ष्य चाहर पहले ही दौर में बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चाहर के लिए यह कठिन मुकाबला था और एक को छोड़कर सभी निर्णायकों ने ब्राजील के मुक्केबाज को 30 अंक दिए। उन्होंने 150 में से 149 अंक बनाए, जबकि चाहर के 135 अंक रहे। पहले विश्व मुक्केबाजी कप में भारत के अभियान की शुरुआत खराब रही जब लक्ष्य चाहर 80 किलोवर्ग के पहले मुकाबले में मेजबान ब्राजील के वांडरले परेरा से हार गए।

मौजूदा राष्ट्रीय लाइट हैवीवेट चैंपियन चाहर को प्री क्वार्टर फाइनल में पेरिस ओलंपियन और विश्व चैंपियनशिप 2023 के रजत पदक विजेता परेरा ने सर्वसम्मति से लिए गए फैसले में 5-0 से हराया। चाहर के लिए यह कठिन मुकाबला था और एक को छोड़कर सभी निर्णायकों ने ब्राजील के मुक्केबाज को 30 अंक दिए। उन्होंने 150 में से 149 अंक बनाए, जबकि चाहर के 135 अंक रहे। भारत के जादूमणि सिंह एम (50 किलो), निखिल दुबे (75 किलो) और जुगनू (85 किलो) दूसरे दिन चुनौती पेश करेंगे। जादूमणि का सामना पिछले साल विश्व मुक्केबाजी कप के उपविजेता ब्रिटेन के एलिस



ट्राउब्रिज से होगा। निखिल की टक्कर ब्राजील के काउ बेलिनी से होगी जबकि जुगनू फ्रांस के अब्दुलाये टी से खेलेंगे। विश्व मुक्केबाजी द्वारा आयोजित यह पहला टूर्नामेंट है। विश्व मुक्केबाजी को फरवरी में ही अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति से मान्यता मिली है। पेरिस ओलंपिक के बाद भारत के एलीट मुक्केबाज भी पहली बार प्रतियोगिता में उतरे हैं। इसमें पहली बार के विश्व मुक्केबाजी द्वारा शुरू किए गए नए भारवर्गों में खेलेंगे।

# प्रतिदिन रिव्यू कर लंबित शिकायतों का करें प्रभावी निराकरण : कलेक्टर

## फसल पंजीयन के सत्यापन कार्य में तेजी लाने के निर्देश



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान विभागवार लंबित विभिन्न प्रकार की शिकायतों के निराकरण की समीक्षा कर अधिकारियों को प्रतिदिन रिव्यू कर समय-सीमा में प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए हैं। साथ ही लंबित टीएल के निराकरण के लिए भी विधिवत रूप से वांछित कार्यवाही पूर्ण कर अविलंब नस्ती प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। इस सप्ताह 68 टीएल पत्रों के निराकरण की भांति आगामी सप्ताह में भी टीएल निराकरण की कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने जनसुनवाई की लंबित शिकायतों के निराकरण की समीक्षा के दौरान कहा कि इसमें काफी निराकरण अपेक्षित है, इसलिए जनसुनवाई प्रकरणों का निराकरण भी गंभीरतापूर्वक किया जाए। ग्राम पंचायत अथवा विकासखण्ड स्तरीय जनसुनवाई में संबंधित अधिकारी-कर्मचारी भी आवेदकों की शिकायत अथवा समस्याओं का त्वरित समाधान करें, जिससे हितग्राही को अनावश्यक रूप से जिला मुख्यालय तक आवागमन न करना पड़े।

कलेक्टर श्री कुमार ने 50 दिवस से अधिक समयावधि की विभागवार लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों तथा आगामी समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के चयनित विषयों से संबंधित शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए। कम प्रगति वाले विभागों के अधिकारियों को विशेष रूप से वर्तमान माह की शिकायतों सहित नवीन शिकायतों का भी समानांतर रूप से निराकरण के निर्देश दिए गए। साथ ही अपात्रता के मामलों पर चिन्हित शिकायतों को स्पेशल क्लोज कराने के लिए भी कहा। उन्होंने कहा कि लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, राजस्व, ऊर्जा विभाग सहित अधिक लंबित प्रकरण वाले विभाग लंबी अवधि के शिकायतों का निराकरण सजगतापूर्वक कार्यवाही कर संतुष्टिपूर्ण तरीके से करें। समस्त तहसीलदार द्वारा किसानों की समस्याओं का निराकरण कर स्वयं अथवा पटवारी के माध्यम से निराकृत शिकायत के संबंध में सूचित करें और आवश्यक होने पर घर पहुंचकर दस्तावेज भी सौंपें। समस्त विभागीय अधिकारियों को अनिवार्य रूप से एल-1 स्तर पर शिकायत अटेण्ड करने, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय पर नागरिक सेवाओं के प्रदाय, उच्च न्यायालय में लंबित मामलों का इस सप्ताह जवाबदावा और अधिकतम निराकरण सुनिश्चित कराने के लिए भी निर्देशित किया गया।

कलेक्टर ने कहा कि समस्त स्थानीय निकायों के अधिकारी पेंशन हितग्राहियों के आधार ई-केवायसी कार्य में तेजी लाएं। साथ ही समग्र ई-केवायसी अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के ई-केवायसी कार्य भी समय पर पूर्ण करें। गत वित्तीय वर्ष में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग अंतर्गत स्वरोजगार मूलक योजनाओं में लापरवाही बरतने वाले ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने टीएल बैठक में प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान के जिले में क्रियान्वयन के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मॉय भारत पोर्टल पर विभागवार लक्ष्य अनुरूप जलदूत पंजीयन का कार्य पूर्ण किया जाए। अब तक पांच हजार लक्ष्य के विरूद्ध 1600 लोगों द्वारा जलदूत के रूप में पंजीयन कराया गया है। इसलिए जल संवर्धन में रूचि रखने वाले युवाओं को पंजीयन करवाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। इसके अलावा जल स्त्रोतों के संरक्षण व संवर्धन के लिए विभागीय अमले द्वारा फील्ड वर्क के साथ नियमित रूप से फोटो एवं अन्य जानकारी भी पोर्टल पर अपलोड की जाए। साथ ही शासन के निर्देशानुसार समस्त तहसीलदार जल संरचनाओं को राजस्व अभिलेख में अमल कराने के साथ जल स्त्रोतों के निकट अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही भी करें।

उन्होंने गेहूं, चना, मसूर एवं सरसों फसल उपार्जन के लिए किसान पंजीयन के विरूद्ध रैपुरा एवं अजयगढ़ तहसील में सत्यापन कार्य की कम प्रगति पर नाराजगी जताई और लंबित सत्यापन कार्य अविलंब पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस संबंध में उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि राजस्व अधिकारी इस बात का ध्यान रखें कि किसी भी स्थिति में पंजीयन का फर्जी सत्यापन न हो अन्यथा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। समस्त खरीदी केन्द्रों पर चेक लिस्ट अनुसार मूलभूत व्यवस्थओं के अवलोकन के लिए राजस्व एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों को निर्देशित किया गया। साथ ही राजस्व, खाद्य एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों को जरूरी समन्वय के साथ खरीदी केन्द्रों के भ्रमण के निर्देश दिए गए। टीएल बैठक में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की लंबित शिकायतों के निराकरण सहित नवीन चार सीएम राइज स्कूल के लिए चयनित भूमि पर निर्माण कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा अधिकारियों को विद्यालय, शासकीय उचित मूल्य दुकान, स्वास्थ्य केन्द्रों एवं छात्रावासों के पुन: निरीक्षण के लिए भी निर्देशित किया गया।

कलेक्टर ने केन-बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत मुआवजा वितरण एवं पुनर्वास पैकेज के संबंध में जानकारी लेकर जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री को 7 ग्रामों के संबंध में एक सप्ताह में आवश्यक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही पन्ना-सतना एवं पन्ना-खजुराहो निर्माणाधीन रेल खण्ड अंतर्गत गुनौर, अजयगढ़ एवं पन्ना एसडीएम को मुआवजा के समय पर वितरण के निर्देश दिए। साथ ही 2 अप्रैल से प्रारंभ होने वाली जनपद पंचायत स्तरीय समीक्षा बैठक में आयुष्मान कार्ड एवं पेयजल उपलब्धता सहित अन्य महत्वपूर्ण एजेण्डा शामिल करने के निर्देश दिए। इस दौरान नालों व तालाबों के अतिक्रमण चिन्हांकित कर आवश्यक कार्यवाही, वन व्यवस्थापन का कार्य शुरू कराने, सोलर शासकीय कार्यालय भवन बनाने के लिए जरूरी कार्यवाही, अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव की तैयारी एवं सूचना पर पुलिस एवं राजस्व विभाग की टीम के तत्काल मौका स्थल पर पहुंचने के निर्देश दिए। साथ ही खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा शालाओं के मध्यान्ह भोजन गुणवत्ता की जांच, डायमण्ड पार्क स्थल के आसपास शेष अतिक्रमण हटाने, केन्द्र प्रवर्तित धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत चिन्हित जिले के 108 ग्रामों के लिए 16 विभागों द्वारा आवश्यक विकास कार्यों के संबंध में एक सप्ताह में आवश्यक प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए भी कहा। उन्होंने प्राथमिकता के साथ जिला स्तर पर 15 दिवस में ई-ऑफिस के क्रियान्वयन व आवश्यक प्रशिक्षण सहित समाचार पत्रों में प्रकाशित नकारात्मक खबरों के संबंध में 24 घण्टे में वस्तुस्थिति रिपोर्ट से अवगत कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्रा, एसडीएम संजय नागवंशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पशु चिकित्सालय की भूमि पर कब्जा करने के लिए काटे जा रहे हैं हरे भरे फलदार वृक्ष

## बिना अनुमति के बनाई जा रही है कॉलोनी



**पन्ना।** पन्ना जिले में शासकीय भूमि पर कब्जा करने अवैध प्लाटिंग करने बिना डायवर्शन के मनमाने तरीके से भूमि क्रय विक्रय करने के गोरख धंधा चल रहा है भू माफिया सरकारी जमीनों को भी कब्जा करने से नहीं चूक रहे हैं और इसी प्रकार रानी बाग रोड पशु विभाग का सामने आया जहां पर पशु विभाग से लेकर सिविल लाइन तक 10 से 15 एकड़ वेश कीमती जमीन पर प्लाटिंग का कार्य चल रहा है एवं पशु विभाग की जमीन पर से रोड बनाई जा रही है जिस पर हरे भरे वृक्षों को बेरहमी से काटा जा रहा है । जबकि पशु विभाग उक्त जमीन को वेटरनरी अस्पताल की बता रहा है और यहां पर कर्मचारियों के क्वार्टर्स बने हुए हैं इस संबंध में पशु विभाग द्वारा तहसीलदार महोदय को तीन-तीन बार पत्र लिखकर सीमांकन की मांग की जिस पर सीमांकन दल भी गठित हुआ परंतु अभी तक सीमांकन नहीं हुआ पशु विभाग द्वारा वृक्ष काटे जाने के संबंध में भी शिकायत की परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई आज सुबह पशु विभाग के कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि यहां पर प्लाटिंग करने वाले प्रमोद खरे द्वारा वृक्ष कटवाए जा रहे हैं जिस पर पशु विभाग के कर्मचारियों ने विरोध किया मौके पर पत्रकारों द्वारा फोटो खींची जिस पर नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा विरोध किया गया कुल मिलाकर यह सारा खेल नगर पालिका से मिलकर चल रहा है। यदि सरकारी जमीनों पर इसी प्रकार से कब्जा होता रहा तो वह दिन दूर नहीं जहां शासकीय जमीन है खत्म हो जाएंगे प्रशासन को चाहिए कि तत्काल ध्यान दिया जाए।

## एमएसएमई में निवेश और टर्न ओवर की सीमा ढाई गुना हुई

**पन्ना।** अब सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम इकाइयों का निवेश और टर्न ओवर (कारोबार) का दायरा बढ़ाकर ढाई गुना कर दिया गया है। राज्य शासन ने एक अप्रैल 2025 से नए नियम प्रभावी कर दिए हैं। इस नए बदलाव से मध्यप्रदेश में नवीन उद्योग धंधों का विकास होगा और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम की दक्षता में वृद्धि, तकनीकी उन्नयन और बेहतर वित्तीय पहुंच हो सकेगी। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा जारी की गई अधिसूचना अनुसार 1 अप्रैल 2025 से सूक्ष्म उद्यम के निवेश की सीमा एक करोड़ से बढ़ा कर 2 करोड़ 50 लाख और कारोबार की सीमा बढ़ाकर 10 करोड़ रूपये की गई है।

# नकद पुरस्कार योजना का लाभ उठाएं पशुपालक

**पन्ना।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा प्रदेश की मूल गौवंशीय नस्ल एवं भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गायों के लिए पुरस्कार योजना संचालित की गई है। इसके लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें शामिल होने के इच्छुक पशुपालक आगामी 4 अप्रैल को दोपहर 2 बजे तक विकासखण्ड पशु चिकित्सा अधिकारी के पास आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। विभाग के उप संचालक से मिली जानकारी अनुसार सभी पशुपालकों से निकटतम पशु चिकित्सा संस्था में संपर्क कर अधिकाधिक संख्या में नामांकन करवाने तथा अपनी गायों को प्रतियोगिता में शामिल कर योजना का लाभ उठाने की अपील की गई है।

पन्ना जिले में 2 से 8 अप्रैल के मध्य मूल गौवंशीय केनकठा नस्ल और भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गायों की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसमें दोनों नस्ल के लिए जिला स्तर पर पृथक-पृथक प्रथम पुरस्कार के रूप में 51 हजार रूपए, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 21 हजार रूपए एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में 11 हजार रूपए नकद प्रदान किए जाएंगे। जिला स्तरीय परिणाम के आधार पर पशुपालक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। इसमें बतौर प्रथम पुरस्कार 2 लाख रूपए, द्वितीय पुरस्कार 1 लाख रूपए एवं तृतीय पुरस्कार 50 हजार रूपए निर्धारित है। केनकठा नस्ल की गाय में प्रतिदिन दुग्ध उत्पादन क्षमता चार लीटर अथवा अधिक होना चाहिए, जबकि भारतीय उन्नत नस्ल के गौवंश की प्रतिदिन दुग्ध उत्पादन क्षमता 6 लीटर अथवा अधिक होना आवश्यक है। इसके अलावा गौवंश की टैगिंग यूनिक आईडी के साथ समस्त जानकारी इनाफ पोर्टल पर दर्ज होना भी जरूरी है।

# विशेष अभियान अंतर्गत उल्लंघनकर्ता वाहन चालकों के विरुद्ध की गई कार्यवाही

**पन्ना।** पुलिस मुख्यालय पीटीआरआई भोपाल द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी व इनमें होने वाली मृत्यु दर की संख्या में कमी लाये जाने हेतु यातायात नियमों के विरुद्ध परिवहन कर रहे वाहनों के खिलाफ दिनांक 01.04.2025 से दिनांक 15.04.2025 तक 15 दिवसीय विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है, इस अभियान में बिना बीमा, बिना फिटनेस, बिना बैध पीयूसी सर्टीफिकेट, बिना एचएसआरपी, बिना निर्धारित मापदंड के संचालित हो रहे ई-रिक्शा सहित बिना हेलमेट, ओव्हर स्पीड व ड्रकिंग ड्राइविंग कर वाहन चलाने वाले चालकों के के साथ-साथ 15 बर्षों से अधिक ऐसे पुराने वाहन जिन्होनें अपने वाहनों का पंजीयन का नवीनीकरण नहीं कराया गया है, के विरुद्ध अधिक से अधिक चालानी कार्यवाही की जायेगी ।



उक्त संचालित विशेष अभियान के तारतम्य में श्रीमान पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्णा एस थोटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वन्दना सिंह चौहान व अनुविभागीय अधिकारी (पु0) श्री एस.पी.सिंह बघेल के दिशा निर्देशानुसार थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक श्रीमती नीलम लक्षकार द्वारा अपनी यातायात टीम के साथ मिलकर उक्त विशेष अभियान संचालित किया ,अभियान अंतर्गत यातायात नियमों के ऐसे उल्लंघनकर्ता वाहन चालक जो बिना बीमा, बिना फिटनेस, बिना बैध पीयूसी सर्टीफिकेट, बिना एचएसआरपी, बिना हेलमेट, ओव्हर स्पीड के साथ-साथ बिना निर्धारित मापदंड के संचालित हो रहे ई-रिक्शा वाहन चालकों के विरुद्द चालानी कार्यवाही की गयी, अभियान अंतर्गत उपरोक्त शीर्षों सहित अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 39 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही.एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही की जाकर 29500 रुपये समन शुल्क राशि वसूल की गयी । थाना प्रभारी यातायात निरी. श्रीमती नीलम लक्षकार की आमजन से अपील है कि नाबालिकों को वाहन चलाने हेतु न देवें, ड्रायविंग लाइसेंस, बीमा, फिटनेस, परमिट जैसे आदि जरुरी सभी दस्तावेज आवश्यक रुप से साथ में रखें । ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी जो यातायात नियमों का उल्लंघन करते हैं । आपकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है ।

# सलेहा थाना प्रभारी अनिल सिंह राजपूत को दी विदाई

**सलेहा।** विगत छ: माह पूर्व पुलिस कप्तान पन्ना ने साईवर सेल प्रभारी श्री अनिल सिंह राजपूत को सलेहा थाना का प्रभारी नियुक्त किया था श्री राजपूत ने आते है क्षेत्र में बढ़ते अपराधों जुआ सट्टा मादक पदार्थ की अवैध बिक्री पर अंकुश लगा दिया था जिससे आपराधिक गतिविधियों में काफी गिरावट आई साइबर सेल प्रभारी के साथ बखूबी थाना प्रभारी के दायित्वों का निर्वाहन किया इनके नेतृत्व में नाबालिक बालिका के साथ किए गए जघन्य अपराध के आरोपी को चंद घंटों में पकड़ा गया थानों में



जनता का सीधा संवाद स्थापित हो जाने से लोगों को न्याय मिलने लगा और भ्रष्टाचार में अंकुश लगा थाने के मध्यस्थों के मंसूबों में पानी फिर गया अपराधियों पावर की आड में गोरख धंधा को संरक्षण दाता हताश देखे गए। थाना प्रभारी की कार्य शैली क्षेत्र में पूरे जिले में चर्चा का विषय बनी गलत लोगो को संरक्षण न मिलने से जनता से सीधा संवाद होने से कुछ लोगों में नाराजगी भी दिखी लेकिन थाना प्रभारी की कार्य शैली की प्रशंसा जनता में देखने को मिली । विगत दिनों पुलिस कप्तान द्वारा जारी की गई सूची में अनिल सिंह राजपूत का स्थानांतरण देख जनता दंग रह गई कि एक कुशल नियमानुसार न्याय प्रियता से कार्य संपादित करने वाले थाना प्रभारी का स्थानांतरण कैसे हो गया ये विषय चर्चा का बिंदु बना हुआ है कि थाना प्रभारी स्वेच्छा से गए है या राजनीति का शिकार हुए है । जनता ने उनकी बिदाई समारोह में बता दिया कि उनकी कार्यशैली जनता को पसंद थी सलेहा क्षेत्र वासियों ने थाना प्रभारी श्री अनिल सिंह राजपूत की आयोजित बिदाई समारोह दिनांक 1 अप्रैल को थाना में पहुंच कर आतिश बाजी के साथ फूल माला गिफ्ट दे कर मीठा खिला कर हर्ष उल्लास और भावनात्मक रूप से दु:खी ोकर विदाई समारोह में उपस्थित । थाना प्रभारी श्री अनिल सिंह राजपूत ने अपने थाना स्टॉप के मिले सहयोग की सराहना की साथ ही क्षेत्र वासियों के सहयोग मिले स्नेह प्यार की तारीफ करते हुए कहा कि जनता को न्याय दिलाना मेरा कर्तव्य था जिसको मैंने भाली भांति निर्वाहन पुलिस स्टॉप और जनता के सहयोग से किया ।

# मैहर में आज से 30 और ट्रेनों का ठहराव, अब 116 से ज्यादा गाड़ियां रुकेंगी

**सतना।** मध्यप्रदेश के मैहर रेलवे स्टेशन पर आज यानी 30 मार्च से अप-डाउन की 14 जोड़ी यानी 28 ट्रेनों का अस्थाई स्टॉपज दिया है। मैहर मुंबई-हावड़ा रेलखंड में है इसके चलते मैहर रेलवे स्टेशन में देश करीब हर हिस्से से ट्रेनें आकर रुकती हैं। वर्तमान में 40 जोड़ी ट्रेनों का रेगुलर स्टॉपिज हैं। वहीं मैहर नवरात्र मेला में दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने 14 जोड़ी अप डाउन ट्रेनों का भी स्टॉपेज किया है। मैहर नवरात्र मेले में आने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए रेलवे ने 30 मार्च से 12 अप्रेल तक अप-डाउन की 14 जोड़ी यानी 28 ट्रेनों का अस्थाई स्टॉपज दिया गया है। ये सभी ट्रेनें पांच मिनट के लिए रुकेंगी। अस्थाई ट्रेनों को मिलकार मैहर में अब 110 गाड़ियों का ठहराव होगा। गाड़ियों के ठहराव के साथ ही मैहर स्टेशन में 8 ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीनें, 3 सामान्य टिकट काउंटर व एक रिजर्वेशन काउंटर अलग से खोला गया है। स्टेशन में यात्रियों के लिए दो बड़े टेंट लगाकर पानी आदि की व्यवस्था भी की गई है।




# नागौद थाना अंतर्गत बम्हौर गांव में रास्ता रोककर युवक पर डंडे से हमला

सतना

नागौद थाना अंतर्गत बम्हौर गांव में दो लोगों ने गाली-गलौज कर युवक पर डंडे से हमला कर दिया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि बीजेन्द्र पुत्र जगदीश प्रसाद विश्वकर्मा 34 वर्ष, निवासी उचवा टोला-सितपुरा, बीते 27 मार्च की दोपहर को लगभग 3 बजे बाइक से घर की तरफ जा रहा था, तभी बम्हौर गांव में प्राइवेट डॉक्टर के क्लीनिक के पास आरोपी अजीत कोल और विशाल कोल ने रास्ता रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी।

इस बात का विरोध करने पर आरोपियों ने युवक पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया, जिसके उसके सिर, आंख, कंधे, कान और पैर पर गंभीर चोट आ गई। घटना की सूचना मिलने पर परिवार के लोग युवक को नागौद हॉस्पिटल ले गए, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस मामले में पुलिस ने सामान्य धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है, जिससे आरोपियों के हौसले बुलंद हैं।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार की मौत

**सतना।** उचेहरा थाना अंतर्गत पोंड़ी घाट के पास अज्ञात वाहन की ठोकर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि अच्छेलाल पुत्र हिंचलाल कोल 40 वर्ष, निवासी मडफ़ई, अपने घर से मंगलवार दोपहर को बाइक लेकर पोंड़ी जा रहा था, तकरीबन 2 बजे पोंड़ी घाट के पास पहुंचते ही कोई तेज रफ्तार वाहन उसकी बाइक को ठोकर मारकर भाग निकला। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल होने पर अच्छेलाल को जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां डॉक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया।

# सीएम राइज विद्यालय में जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम हुआ संपन्न

**पन्ना।** म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शिक्षा सत्र 2025-26 का शुभारंभ 1 अप्रैल से हो गया है ; प्रवेशोत्सव कार्यक्रम पूरे प्रदेश में बड़े उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है ।



जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम सीएम राइज विद्यालय पन्ना में आयोजित हुआ , इस कार्यक्रम में माननीय मुख्य मंत्री महोदय के भोपाल में आयोजित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के सीधे प्रसारण की समाप्ति उपरांत जिला स्तरीय कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती मीना पांडेय अध्यक्ष नगरपालिका परिषद पन्ना , कार्यक्रम के अध्यक्ष संतोष सिंह यादव उपाध्यक्ष जिला पंचायत पन्ना ,कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि श्रीमती आशा गुप्ता जी उपाध्यक्ष नगरपालिका परिषद पन्ना , सुरेश कुमार जी कलेक्टर पन्ना , उमराव सिंह मरावी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत पन्ना , रवि प्रकाश खरे जिला शिक्षा अधिकारी पन्ना , विपिन वर्मा जिला प्रभारी राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल ,अजय गुप्ता जिला परियोजना समन्वयक के द्वारा माननीय मुख्य मंत्री महोदय के भोपाल में आयोजित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के सीधे प्रसारण की समाप्ति उपरांत विद्यार्थियों को तिलक लगाकर एवं पाठ्य पुस्तकें भेंट करते हुए प्रवेशोत्सव मनाया गया , कार्यक्रम में प्रतिभावान विद्यार्थियों को आमंत्रित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया । विद्यार्थियों द्वारा प्रवेशोत्सव पर्व पर नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी गई कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्राचार्य श्री जयकरण पटेल जी द्वारा आमंत्रित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया गया , कार्यक्रम का संचालन शिक्षक हरिनारायण पांडेय जी द्वारा किया गया । प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में श्रीमती भारती श्रीवास्तव अतिरिक्त परियोजना समन्वयक, श्रीमती कविता त्रिवेदी बी. आर. सी.पन्ना , विभूति मोहन पटेरिया सहायक समन्वयक , पुष्पराज सिंह परमार जिला व्यावसायिक समन्वयक, राजेश मिश्रा जिला क्रीड़ा अधिकारी ,गोबिंद तिवारी सहायक समन्वयक ,के.एस . त्रिपाठी डाइट पन्ना सहित संस्था के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं स्टाफ के सदस्य तथा अभिभावक गणों की गरिमामयी उपस्थिति रही , कार्यक्रम हर्ष सहित विधिवत रूप से संपन्न हुआ।

कलेक्टर रीवा प्रतिभा पाल ने रायपुर कर्चुलियान आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक-4 का निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनवाड़ी में बच्चों के अनुपस्थित रहने पर अप्रसन्नता व्यक्त की।



## शांति और सद्भाव के साथ सभी त्यौहार मनाएं : अपर कलेक्टर

### सभी त्यौहारों में सुरक्षा और यातायात के रहेंगे उचित प्रबंध : एएसपी

**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 6 अप्रैल को रामनवमी तथा 10 अप्रैल को महावीर जयंती पर्वों के आयोजन के संबंध में व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने कहा कि जिले की परंपरा के अनुसार सभी त्यौहार शांति और सद्भाव से मनाए जाएंगे। प्रशासन द्वारा सभी त्यौहारों के दौरान सुरक्षा, यातायात, साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था तथा अन्य सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। त्यौहार पूरे उल्लास और उत्साह से मनाएं। त्यौहार मनाते समय अनुशासन बनाए रखें। त्यौहारों की भीड़भाड़ का लाभ उठाकर कई बार असामाजिक तत्व अव्यवस्थाएं पैदा करने का प्रयास करते हैं। इनसे कड़ाई से निपटा जाएगा। शोभा यात्रा, चल जुलूस तथा अन्य सभी बड़े आयोजनों में सुरक्षा बल तैनात रहेंगे। इसके साथ-साथ आयोजक, प्रशासन



और जनता को सहयोग देने के लिए अपने स्वयंसेवक भी परिचय पत्र देकर तैनात रखें। सबके सहयोग से व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। उन्होंने अपेक्षा की कि सभी त्योहार सौहार्द पूर्ण ढंग से शांतिपूर्वक भाई चारे की भावना के साथ मनाये जायेंगे। अपर कलेक्टर ने कहा कि विभिन्न त्यौहारों के दौरान नगर निगम प्रमुख मार्गों की साफ-सफाई कराएगा। नगर निगम द्वारा बिजली और पानी की भी समुचित व्यवस्था की जाएगी। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर ने कहा कि चल समारोहों, जुलूस तथा बड़े आयोजनों की सूचना एसडीएम कार्यालय तथा पुलिस थाने को अवश्य दें। जुलूस में किसी प्रकार का हथियार लेकर प्रदर्शन प्रतिबंधित रहेगा। आवेदन में जुलूस के मार्ग, समय तथा उसमें शामिल होने वाले व्यक्तियों और वाहनों की अनुमानित संख्या का उल्लेख अवश्य करें। त्यौहारों के दौरान सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों तथा नगर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में सुरक्षा के उचित प्रबंध किए जाएंगे। शांति समिति का विस्तार करने तथा सदस्यों को परिचय पत्र प्रदान करने के संबंध में चर्चा की गई।

बैठक में संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय ने विभिन्न त्यौहारों के दौरान की जाने वाली प्रशासनिक व्यवस्थाओं की जानकारी दी। बैठक में बताया गया कि रामनवमी का जुलूस 6 अप्रैल को महामृत्युंजय मंदिर किला परिसर से निकलेगा। जुलूस सिंधी चौराहा, प्रकाश चौराहा, अस्पताल चौराहा, सिरमौर चौराहा, कालेज चौराहा होते हुए कोठी कंपाउण्ड में समाप्त होगा। रामनवमी के संबंध में ही 5 अप्रैल को दोपहर दो बजे से इसी मार्ग पर बाइक रैली भी निकाली जाएगी। महावीर जयंती पर 10 अप्रैल को कटरा जैन मंदिर से सिंधी चौराहा होते हुए शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसका समापन जैन मंदिर में ही होगा। बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यों ने विभिन्न त्यौहारों के आयोजन के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में शांति समिति के सभी सदस्य तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## टीएल बैठक एवं राजस्व अधिकारियों की बैठक आज

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में 3 अप्रैल को टीएल बैठक का आयोजन किया गया है। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में प्रातः 11 बजे से आयोजित बैठक में सभी जिला प्रमुखों, एसडीएम, सीईओ जनपद तथा तहसीलदारों की उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं। टीएल बैठक के उपरांत कलेक्टर राजस्व अधिकारियों की बैठक लेंगी। बैठक में बैठक में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन सहित सभी राजस्व प्रकरणों के निराकरण, साइबर तहसील, वक्फ सम्पत्तियों के सत्यापन एवं किसान सम्मान निधि में ई केवाईसी अपडेशन की समीक्षा की जाएगी। बैठक में फार्मर रजिस्ट्री, राजस्व वसूली, धारणाधिकार तथा स्वामित्व योजना, भू अर्जन के प्रकरणों एवं सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी।

## राजस्व अधिकारियों ने प्रवेशोत्सव में विद्यार्थियों से की भेंट

### एडीएम, एसडीएम और तहसीलदारों ने विद्यार्थियों को पढ़ाये पाठ

**रीवा।** जिले भर में स्कूल चलें हम अभियान के तहत सभी स्कूलों में प्रवेशोत्सव मनाया जा रहा है। अभियान के तहत राजस्व अधिकारियों द्वारा स्कूलों का निरीक्षण करने के साथ विद्यार्थियों से भेंट की जा रही है। भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कॅरियर के संबंध में मार्गदर्शन दिया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देशों के अनुसार जिले के राजस्व अधिकारियों ने विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण कर विद्यार्थियों से संवाद किया। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने शासकीय उमावि मार्तण्ड क्रमांक दो में विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें कॅरियर के संबंध में मार्गदर्शन दिया। अपर कलेक्टर ने कहा कि सभी विद्यार्थी कक्षा आठवीं के बाद से ही अपने कॅरियर का निर्धारण करके उसके अनुरूप पढ़ाई और तैयारी करें। लगन और परिश्रम से



किए गए प्रयासों से लक्ष्य सरलता से प्राप्त होते हैं। इस अवसर पर नायब तहसीलदार यतीश शुक्ला ने भी विद्यार्थियों से संवाद किया।

इस क्रम में संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोविंदगढ़ में आयोजित स्कूल चलें हम अभियान में भागीदारी निभाई। उन्होंने विद्यार्थियों का तिलक और फूलमाला से स्वागत करके विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश कराया। संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले ने शासकीय गवर्मेंट स्कूल क्रमांक एक धोबिया टंकी में आयोजित प्रवेश उत्सव में भागीदारी निभाई। संयुक्त कलेक्टर ने विद्यार्थियों को कॅरियर के संबंध में मार्गदर्शन दिया तथा विद्यालय के पूर्व छात्र स्वर्गीय कैप्टन अजय पाल सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किए। एसडीएम गुढ़ डॉ अनुराग तिवारी ने सीएम राइज स्कूल महसांव में आयोजित प्रवेश उत्सव में भाग लिया। भविष्य से भेंट के क्रम में डॉ तिवारी ने विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों को जल संरक्षण और नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई।

## गुजरात के बनासकांठा स्थित पटाखा फैक्ट्री में हुई दुर्घटना पर उप मुख्यमंत्री ने व्यक्त किया शोक

रीवा

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने गुजरात के बनासकांठा में हुई दुर्घटना पर गहन शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्माओं को श्री चरणों में स्थान देने की ईश्वर से प्रार्थना की है और शोकाकुल परिजनों को इस कष्ट को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है। साथ ही, दुर्घटना में घायल हुए श्रमिकों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि गुजरात के बनासकांठा जिले में स्थित एक पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट से मध्यप्रदेश के श्रमिकों की असामयिक मृत्यु तथा कई श्रमिकों के गंभीर रूप से घायल होने की हृदयविदारक घटना अत्यंत दुखद एवं पीड़ादायक है। मध्यप्रदेश सरकार इस दुखद घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है। गुजरात सरकार से समन्वय स्थापित कर हरसंभव सहायता सुनिश्चित की जा रही है। मध्यप्रदेश सरकार घायलों के इलाज और प्रभावित परिवारों को आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## मऊगंज जिले में आयोजित हुआ भविष्य से भेंट कार्यक्रम

**रीवा।** स्कूल चलें हम अभियान के द्वितीय दिवस पर मऊगंज जिले में विद्यालयों में भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के प्रशासनिक अधिकारियों ने विभिन्न विद्यालयों में जाकर बच्चों से संवाद किया तथा उन्हें पढ़ाई के महत्व की जानकारी देते हुए प्रेरक प्रसंग भी सुनाये। शासकीय कन्या हाई स्कूल देवतालाब में एसडीएम बी.पी. पाण्डेय ने बच्चों से संवाद किया तथा उन्हें पुस्तकें भेंट की।

## हिम्मत और मेहनत से लक्ष्य का निर्धारण कर विद्यार्थी अपनी पहचान बनायें

### भविष्य से भेंट कार्यक्रम में कलेक्टर ने विद्यार्थियों से किया संवाद

**रीवा।** स्कूल चलें अभियान के दूसरे दिन शालाओं में भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत शासकीय सीएम राईज विद्यालय रायपुर कर्चुलियान में बच्चों से संवाद करते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि हिम्मत और मेहनत से लक्ष्य का निर्धारण कर अपनी पहचान बनायें। उन्होंने पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी पूरी तन्मयता से भाग लेने की अपेक्षा विद्यार्थियों से की।

कलेक्टर ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं से सहज भाव में उनका लक्ष्य पूंछा तो किसी ने बताया कि वह डॉक्टर बनना चाहता



है तो किसी ने इंजीनियर या सी.बी.आई. आफीसर। कलेक्टर ने कहा कि आप अपना लक्ष्य लेकर पूरी मेहनत और ईमानदारी से प्रयास कर सफलता प्राप्त कर सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये निर्धारित पाठ्यक्रम को जानकर प्रश्नपत्र व उसके पैटर्न का आकलन करें तथा मेहनत से पढ़ाई करते हुए उसे हासिल करें। उन्होंने बताया कि उनके बैच में भी कई ऐसे लोग थे जो अलग-अलग माहौल से आये थे मगर सबका एक ही लक्ष्य होना चाहिए अपना शत प्रतिशत देकर मंजिल हासिल करना। कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थी जिस कक्षा में हैं वहां पूरी तन्मयता से पढ़ाई करें, स्मार्ट फोन का उपयोग पढ़ाई या सकारात्मक विषयों के लिये करें तथा खाली समय में अपने घर के काम में हाँथ बटायें और खेलकूद की गतिविधियों में भाग लें। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप के द्वारा भी अपना स्वंय का व्यवसाय चुनकर विद्यार्थी आने वाले समय में अपना उद्यम स्थापित कर सकते हैं। इस क्षेत्र में भी शासन स्तर से काफी मदद की जाती है। उन्होंने विद्यार्थियों को खुश रहने तथा जागरूक रहकर सकारात्मक सोच के साथ अपनी पहचान बनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बताया कि सीएम राईज विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद व अन्य गतिविधियों का संचालन होता है और हम उसमें शामिल होते है। विद्यालय में लाइब्रोरी की सुविधा भी है। विद्यार्थियों ने अपने परिजनों से मार्गदर्शन प्राप्त कर आगामी परीक्षाओं में भाग लेने के लिए सहयोग की बात बताई।

## जल गंगा संवर्धन अभियान में रायपुर कर्चुलियान के रामसागर तालाब में जल संरक्षण का कार्य प्रारंभ

### कलेक्टर ने किया निरीक्षण, दिये आवश्यक निर्देश

**रीवा।** जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत रायपुर कर्चुलियान के रामसागर/मतहा तालाब में जल संरक्षण का कार्य प्रारंभ किया गया है। तालाब की मेंड व भराव क्षेत्र की साफ-सफाई कर गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जल संरक्षण कार्य का निरीक्षण किया तथा उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि तालाब में पानी के आवक वाले स्थलों को साफ कराकर सुगम बनायें ताकि तालाब



में पानी एकत्र हो। यदि आवक स्थल में अतिक्रमण हो तो उसे हटाने की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण अभियान में जनभागीदारी आवश्यक है। लोगों को श्रमदान के लिये प्रेरित करें तथा जागरूकता अभियान चलाकर जल संरक्षण के प्रति आमजनों को आगे लायें। कलेक्टर ने कहा कि प्राचीन जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार व सुधार के कार्य सहित नवीन कार्य भी करायें जांय। हरियाली बढ़ाने के लिये अन्य उपाय किये जाने की बात कलेक्टर ने कही। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, एसडीएम पीएस त्रिपाठी, तहसीलदार विनय मूर्ति, सीईओ जनपद रायपुर कर्चुलियान संजय सिंह सहित विभागीय अधिकारी व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## दीनदयाल मंडल की कार्य समिति घोषित, नए पुराने कार्यकर्ताओं को मिला अवसर

**रीवा।** भारतीय जनता पार्टी दीनदयाल मंडल के अध्यक्ष शिवम द्विवेदी ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता की सहमत से 61 सदस्य मंडल कार्य समिति की घोषणा की है भाजपा कार्यालय में पार्टी जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता को कार्य समिति की सूची सौंफीइस अवसर पर जिला प्रभारी शशांक श्रीवास्तव वरिष्ठ नेता कमलेश्वर सिंह प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र पांडे प्रज्ञा त्रिपाठी जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल नगर निगम अध्यक्ष वेंकटेश पांडे मनीष पाठक योगेंद्र शुक्ला सहित पार्टी के नेता उपस्थित रहे।

## प्रत्येक बूथ पर भव्यता के साथ मनाया जाएगा स्थापना दिवस : डॉ राजेंद्र

**रीवा।** भाजपा जिला कार्यालय मऊगंज में आयोजित जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक को भाजपा जिलाध्यक्ष मऊगंज डॉ राजेंद्र मिश्रा जी ने सम्बोधित करते हुए पार्टी के आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की। 6 अप्रैल को मऊगंज जिले के सभी 518 मतदान केंद्रों में उत्साह के साथ पार्टी का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। 7-13 अप्रैल तक मंडल अध्यक्ष, जिलापदाधिकारी, एवं सभी श्रेणी के जनप्रतिनिधि गांव चलो बस्ती



चलो अभियान के तहत बूथ प्रवास करेंगे। 14 अप्रैल को प्रत्येक बूथ पर भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती मनाई जाएगी। बैठक में जिलाध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रा, जिलाप्रभारी श्री के के तिवारी, जिलाउपाध्यक्ष विपिन मिश्रा, जयप्रकाश मिश्रा, प्रकाश चौरसिया, उर्मिला सिंह, अवध बिहारी पाण्डेय, पंकज पाण्डेय जिलामहा मंत्री महेंद्र सिंह, सरिता पटेल बी आर शैलानी, जिला मंत्री सनद पटेल, राममंणी शुक्ला, बरिष्ठ नेत्री संतोष सिंह मंडल अध्यक्ष अमित सिंह, मुरलीधर द्विवेदी, मुन्द्रिका पटेल, विनोद कोल, नागेंद्र पटेल लवकुश सिंह मीडिया प्रभारी अजय मिश्रा सह प्रभारी राजाराम गुप्ता कार्यालय मंत्री भरत पाण्डेय कोषाध्यक्ष मनोज सिंह चंद्र कांत मिश्रा संतोष अवधिया नईगढ़ी नगर परिषद अध्यक्ष नागिता गुप्ता, हनुमना अध्यक्ष आशुतोष गुप्ता उपस्थित रहे।

## जल है तो जीवन है के संदेश की गूँजो के बीच युवाओं ने किया बोरी बंधान

### जन अभियान परिषद की टीम ने मुदरिया चौबान में जल संवाद कर किया श्रमदान



**रीवा।** शासन द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मउगंज ज़िले के मुदरिया चौबान में खुले मैदान में अमराई के बीच जल संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक ने बताया कि ईश्वर ने हमें जल व हवा के रूप में उपहार दिया है, हमें इन्हें सुरक्षित रूप से उपयोग करते हुए अगली पीढ़ी को भी सौंपना है। इसके लिए आवश्यक है कि हम जल संरक्षण की आवश्यक प्रक्रियाओं को अपनायें। संवाद कार्यक्रम को विकासखंड समन्वयक अजय चतुर्वेदी, समाजसेवी मोहन दुबे, संजय पाण्डेय ने भी संबोधित किया। संवाद में अन्य उपस्थित युवाओं व ग्रामीणजनो ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन व समन्वय ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष श्रीनिवास त्रिपाठी द्वारा किया गया। कार्यक्रम उपरांत उपस्थितजनों एवं ग्रामीणों ने निहाई नदी में बोरी बंधान कर श्रमदान किया। इस अवसर पर परामर्शदाता साधना चौरसिया, पूजा मिश्रा, सिद्धमुनि शर्मा, शिव शंकरलाल श्रीवास्तव एवं सीएमसीएलडीपी के छात्र व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## बैंकर्स और अधिकारी समन्वय से स्वरोजगार योजनाओं के लक्ष्य पूरे कराएं

### कृषि और लघु उद्योगों के क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करें : कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में जिला स्तरीय बैंकर्स सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि रीवा जिले में कृषि क्षेत्र का तेजी से विकास हुआ है। कृषि और कृषि पर आधारित उद्योगों में निवेश को प्रोत्साहित करें। शासन की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के बैंक शाखाओं में लंबित सभी प्रकरण 30 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से निराकृत करें। समय पर ऋण स्वीकृत होगा तो उसका भुगतान भी समय पर होगा। बैंक शाखा प्रबंधक और विभिन्न विभागों के अधिकारी समन्वय बनाकर स्वरोजगार योजनाओं की लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित करें। अग्रणी



बैंक प्रबंधक जिले के ऋण-जमा अनुपात तथा स्वरोजगार योजनाओं की प्रगति की हर माह समीक्षा करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। बैंक शाखा प्रबंधक स्वरोजगारियों के प्रकरणों को समय पर स्वीकृत करें। कलेक्टर ने कहा कि जिले के ऋण-जमा अनुपात में इस तिमाही में अच्छी वृद्धि हुई है। यह 47 से बढ़कर 49 हो गया है। लेकिन इंडियन बैंक, पंजाब नेशनल बैंक और सेंट्रल बैंक का ऋण-जमा अनुपात बहुत कम है। इसमें सुधार के लिए कार्ययोजना बनाएं। निवेश प्रस्तावों की स्वीकृति तथा कृषि और उद्योग से जुड़े ऋण प्रकरणों को प्राथमिकता से मंजूरी देकर ऋण-जमा अनुपात बेहतर करें। कलेक्टर ने कहा कि लंबित ऋणों की वसूली में विकास विभागों के अधिकारी सहयोग करेंगे। आरआरसी से वसूली के लिए बैंक शाखा प्रबंधक ऑनलाइन प्रकरण दर्ज कराएं। लंबित ऋणों की वसूली में पूरा सहयोग किया जाएगा। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की उच्च स्तर से लगातार मानीटरिंग की जा रही है। इस योजना में अब तक दर्ज 2539 प्रकरणों में से केवल 343 मंजूर किए गए हैं। शेष प्रकरणों को 30 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से निराकृत कर दें। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वसहायता समूहों के ऋण प्रकरण भी प्राथमिकता से निराकृत करें। किसान क्रेडिट कार्ड के भी प्रकरण बड़ी संख्या में लंबित हैं इनका भी 30 अप्रैल तक निराकरण करें।

बैठक में रिजर्व बैंक के प्रभारी महाप्रबंधक श्रीराम नागर ने कहा कि चार बैंकों का ऋण-जमा अनुपात लगातार 20 से कम है। मध्यांचल बैंक के ऋण-जमा अनुपात में भी केवल थोड़ी सी वृद्धि हुई है। प्राथमिकता के क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में ऋण स्वीकृत करके ही इसमें सुधार होगा। संबंधित बैंक शाखा प्रबंधक इसके लिए एक माह में कार्ययोजना प्रस्तुत करें।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833